
UPHIN/2011/39718 youngbharatepaper.com बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-127 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) रविवार 19 अप्रैल 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-02 रूपये

# पश्चिम बंगाल के धुपगुड़ी में सीएम योगी आदित्यनाथ बोले- यूपी की तरह बंगाल में लगा देंगे लव जिहाद व लैंड जिहाद पर रोक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बना रहे है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार कूच बिहार की माथाभांगा विधानसभा क्षेत्र में निशीथ प्रमाणिक और जलपाईगुड़ी की धूपगुड़ी विधानसभा क्षेत्र में नरेश चंद्र राय के पक्ष में जनसभा की।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माथाभांगा और धूपगुड़ी में ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाया कि और कहा कि ममता दीदी तो तुष्टीकरण की राजनीति करती है। उनको तो पश्चिम बंगाल के उद्योग-धंधों को बंद कर बाहरी लोगों को बंगाल में शरण देनी है। ममता बनर्जी बंगाल की शिक्षा को भी पीछे ढकेलने का काम किया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार ने उत्तर प्रदेश में लव जिहाद और लैंड जिहाद जैसी समस्याओं पर सख्त कार्रवाई की है और कानून व्यवस्था को मजबूत किया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता सुरक्षा और विकास है। यह जनसभा पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बार फिर गरमाहट बढ़ाने वाली मानी जा रही है।

## उत्तर प्रदेश में 2017 से पहले अराजकता

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2017 से पहले अराजकता का माहौल था और त्योहारों व धार्मिक आयोजनों के दौरान भी तनाव की स्थिति बनी रहती थी। अब तो सब चंगा है, लोग बेखौफ होकर अपने-अपने पर्व और त्यौहार को धूमधाम से मना रहे हैं। धुपगुड़ी विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा ति बंगाल की धरती पर आना मेरा सौभाग्य हैं। बंगाल वीरों और किसानों की धरती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बंगाल की धरती को वीरों और किसानों की भूमि बताया। उन्होंने कहा कि इस राज्य में आना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

## आधी आबादी का अपमान

पश्चिम बंगाल के धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' में आवश्यक संशोधन और आधी आबादी को मिलने वाले उसके अधिकार में कांग्रेस, टीएमसी, सपा के साथ वामपंथी दलों ने जो विघ्न डाला है, इन्होंने तो आधी आबादी का अपमान किया है। बंगाल देश की संस्कृति की राजधानी रहा है और इस धरती ने राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान जैसी महत्वपूर्ण धरोहरें देश को दी हैं। उन्होंने कहा कि पहले बंगाल देश का ग्रोथ इंजन माना जाता था, लेकिन आज राज्य कई चुनौतियों का सामना कर रहा है।

## उत्तर प्रदेश में नो कर्फ्यू, नो दंगा

योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में पश्चिम बंगाल की वर्तमान स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार के कारण हालात बिगड़े हैं और विकास की गति प्रभावित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंताएं हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में 'नो कर्फ्यू, नो दंगा' की स्थिति है और कानून व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ है।

## अपराध और भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई

उन्होंने दावा किया कि 2017 से पहले यूपी में अराजकता का माहौल था और त्योहारों व धार्मिक आयोजनों के दौरान भी तनाव की स्थिति बनी रहती थी। उन्होंने यह भी कहा कि पहले कुछ इलाकों में जुमे के दौरान सड़कें जाम हो जाती थीं, लेकिन अब यूपी में स्थिति पूरी तरह नियंत्रित है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार ने अपराध और भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई की है। सीएम योगी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था की स्थिति गंभीर है और राज्य 'पहचान के संकट' से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल महिलाओं को उनका अधिकार देने के पक्ष में नहीं हैं।

## सुर्खियां............

### लखनऊ में Honey Trap Gang की सरगना आतिका सिद्दीकी गिरफ्तार, 16 वर्षीय किशोर के परिवार से मांग रही थी रंगदारी

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** भोले-भाले युवकों और किशोरों का अपने हुस्न के जाल में फंसाकर उनके घरवालों से लाखों रुपये वसूलने वाले हनी ट्रैप गिरोह की सरगना आतिका सिद्दीकी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आतिका पर लखनऊ के ठाकुरगंज क्षेत्र के नाबालिग बालक को भगाकर नैनीताल ले जाने का आरोप है।

आरोप है कि नैनीताल में आतिका ने बालक के साथ कई दिन तक जबरिया शारीरिक संबंध बनाया और फिर उसके अश्लील वीडियो बनाकर परिवार के पास भेजकर 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। आतिका ने वीडियो को सोशल मीडिया में भी वायरल करने की धमकी दी थी। हनी ट्रैप गिरोह की सरगना आतिका सिद्दीकी की धमकियों से परेशान होकर किशोर के घरवालों ने ठाकुरगंज थाना में दुष्कर्म, पाक्सो और रंगदारी का केस दर्ज कराया। वीडियो वायरल करने का दबाव होने के बाद से परेशान परिवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सख्त कार्रवाई की मांग की थी। थाना ठाकुरगंज क्षेत्र में हनी ट्रैप गिरोह चलाने वाली महिला आतिका को शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले पहले पुलिस ने 16 वर्षीय नाबालिग किशोर का अपहरण कर नैनीताल ले जाकर दुष्कर्म की जांच की और आतिका के खिलाफ दुष्कर्म, पास्को, रंगदारी जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। आतिका ने भी अपने बचाव में नाबालिग किशोर सहित एक पत्रकार व अन्य दो लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म को आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी थी, लेकिन वो पुलिस की जांच में फर्जी साबित हुई। पीड़ित परिवार से 25 लाख की रंगदारी मांगते कई लोगों के कैमरे में कैद होने के बाद पुलिस गंभीर होकर आगे की कार्रवाई में जुटी थी।

# झुग्गियों में आग को विपक्ष ने कहा 'साजिश', योगी सरकार ने दिया सहारा: पीड़ितों को रिलीफ फंड से मिला लाखों का मुआवजा, प्रोपेगेंडा हुआ ध्वस्त



( यंग भारत न्यूज )

लखनऊ और गाजियाबाद में झुग्गियों में लगी आग को विपक्ष ने 'सरकार की साजिश' बताया पर योगी सरकार ने पीड़ितों की मदद का जिम्मा उठाया न कि साजिश करने का तरीका। उत्तर प्रदेश के लखनऊ और गाजियाबाद में एक के बाद एक लगी आग ने झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों को भारी नुकसान पहुँचाया। लखनऊ में इस दुर्घटना में 2 मासूम बच्चों की जीवनलीला समाप्त हो गई। वहीं, दोनों ही घटनाओं में लोगों का घर-बार उजड़ गया। लखनऊ के विकास नगर में बुधवार (15 अप्रैल 2026) शाम को झुग्गियों में सिलेंडर फटने से आग लगी, जबकि गाजियाबाद के कनवानी गाँव में गुरुवार दोपहर (16 अप्रैल 2026) भड़की आग ने सैकड़ों परिवारों को बेघर कर दिया। इन आपदाओं में प्रशासन की त्वरित कार्रवाई ने बड़ी जनहानि को रोका। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने दोनों मामलों में पीड़ितों के लिए तत्काल प्रभाव से रिलीफ फंड जारी किया। साथ ही उनके लिए तात्कालिक रहने के इंतजाम समेत अन्य सुविधाओं का भी आदेश दिया। हालाँकि, इन दोनों घटनाओं को आपस में जोड़कर विपक्ष और वामपंथियों ने इसे योगी सरकार की साजिश बताया और लोगों को भड़काने की कोशिश की।

## लखनऊ विकास नगर अग्निकांड से हुई विपदा की शुरुआत

लखनऊ के रिंग रोड स्थित विकास नगर सेक्टर-12 के पास बुधवार शाम को एक छोटी चिंगारी ने भयानक रूप धारण कर लिया। गैस सिलेंडरों के धमाकों के साथ आग की लपटें इतनी तेजी से फैलीं कि 200 से अधिक झुग्गियाँ कुछ ही मिनटों में राख हो गईं। 30 से 50 सिलेंडर फटने से धमाकों की गूंज दूर-दूर तक सुनाई दी। इस आगजनी में दो साल और महज दो महीने की दो सगी बहनें आग की चपेट में आ गईं। इसके अलावा आग से बचने और आग को बुझाने के प्रयास में लगभग 500 लोग झुलस गए। आसपास के 30 से अधिक घरों को खाली कराना पड़ गया। हादसे की खबर पर दमकल विभाग, पुलिस, एसडीआरएफ, नगर निगम और नागरिक सुरक्षा की 400 से अधिक सदस्यीय टीम ने त्वरित मोर्चा संभाला और कार्रवाई की। प्रशासन की फौरी कार्रवाई ने सैकड़ों जिंदगियों को बचाया। आग ने विकास नगर की झुग्गी बस्ती को पूरी तरह तबाह कर दिया। सैकड़ों परिवारों का सब कुछ जलकर राख हो गया। खाने-पीने का सामान, कपड़े, नगदी, दस्तावेज और बच्चों के खिलौने तक सब कुछ खत्म हो गया।

## योगी सरकार ने लिया संज्ञान, संभाला मोर्चा

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना की सूचना मिलते ही केंद्रीय स्तर पर निर्देश जारी कर दिए। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर पहुँचकर राहत कार्य युद्ध स्तर पर चलाने का आदेश दिया। यह योगी सरकार की उस शासन शैली का प्रमाण है, जो विपत्ति के क्षणों में कभी पीछे नहीं हटती है। उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने खुद घटनास्थल का जायजा लिया और उच्च स्तरीय जाँच के आदेश दिए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी स्थानीय प्रशासन को हरसंभव सहायता के निर्देश दिए। विधायक ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और सहानुभूति जताई। यह सब कुछ कुछ ही घंटों के अंदर हुआ, जो कि असल में सरकार की संवेदनशीलता को सामने ला रहा है। विपक्ष अक्सर योगी सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाता है लेकिन यह घटना उनके दावों को खोखला साबित करती है। योगी सरकार ने मृतक दो बच्चों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि तुरंत सौंपी। विधायक ओपी श्रीवास्तव ने चेक सौंपे और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।*

## राहुल गांधी पर FIR के आदेश पर रोक, बिना नोटिस कार्रवाई को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गलत माना

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी से जुड़े कथित दोहरी नागरिकता मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपने ही पहले दिए गए FIR दर्ज करने के आदेश पर रोक लगा दी है. कोर्ट ने कहा कि बिना आरोपी को नोटिस दिए FIR का आदेश देना उचित नहीं. न्यायमूर्ति ने माना कि 'प्राकृतिक न्याय' के सिद्धांत के तहत किसी भी व्यक्ति को पहले अपना पक्ष रखने का मौका मिलना चाहिए. दरअसल, एक याचिका पर पहले कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ FIR दर्ज करने का निर्देश दिया था, लेकिन बाद में यह पाया गया कि प्रस्तावित आरोपी को सुने बिना ऐसा आदेश देना प्रक्रिया के खिलाफ है. अब अदालत ने राहुल गांधी को नोटिस जारी करने का फैसला किया है और मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल को तय की है. बता दें कि संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ब्रिटिश नागरिकता को लेकर एस. विग्नेश शिशिर ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है. याचिकाकर्ता ने लखनऊ के MP/MLA कोर्ट के आदेश को चुनौती दी. याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में राहुल गांधी की ब्रिटिश नागरिकता को लेकर कार्यवाही की मांग की. इससे पहले याचिकाकर्ता ने MP/MLA कोर्ट में मुकदमा दायर किया था. इसकी सुनवाई करते हुए लखनऊ की MP/MLA कोर्ट ने 28 जनवरी 2026 को याचिकाकर्ता की मांग को खारिज कर दिया था. इसके बाद याचिकाकर्ता ने 12 फरवरी 2026 को हाईकोर्ट में अपील की. 17 फरवरी को हाईकोर्ट ने शिशिर की याचिका को स्वीकार कर लिया था. याचिकाकर्ता ने कोर्ट के सामने अपना पक्ष रखते हुए ब्रिटिश नागरिकता को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ रायबरेली के कोतवाली थाने में FIR दर्ज करने की मांग की थी. लखनऊ की MP/MLA कोर्ट में दाखिल याचिका को न्यायाधीश ने खारिज कर दिया था. विशेष न्यायाधीश तृतीय MP/MLA आलोक वर्मा ने नागरिकता को लेकर अपना फैसला सुनाया था.

# अधिकारी अपनी सामंतशाही से सरकार को प्रतिवर्ष लगा रहे हैं 10 करोड़ का चूना

## वेतन, भत्ता, पेंशन, सुख एवम भारी सुविधा शुल्क वसूलने वाले जिले के अफसरशाह अपनी मेम साहबों की गुलामी में लगाए हैं कुल 200 सफाई कर्मचारी

- वेतन सरकार का बेगार मेम साहब का
- जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त है गंदगी का अंबार
- जिम्मेदार अफसर सफाई कर्मचारियों से अपने घरों में करवा रहे हैं गुलामी

**प्रधान संपादक-संजय श्रीवास्तव**
**रिपोर्ट-चंद्रकांत दुवे**

जिले में पंचायती राज विभाग की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। विभाग में कुल 1119 सफाई कर्मी तैनात हैं, लेकिन इनमें से करीब 200 सफाई कर्मी अधिकारियों के घरों और दफ्तरों की सेवा में लगे हुए हैं। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था बदहाल हो गई है और गांवों में गंदगी का अंबार लग गया है।

ग्रामीण इलाकों के लोगों का कहना है कि सफाई कर्मी नियमित रूप से गांवों में नहीं आते, जिससे नालियां चोक पड़ी हैं और सड़कों पर कूड़ा जमा हो रहा है। बरसात के मौसम में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी जानबूझकर सफाई कर्मियों को अपने निजी कार्यों में लगाए रखते हैं, जिससे गांवों की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। वहीं, जिम्मेदार अधिकारी इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सफाई कर्मियों को उनके मूल कार्यों में लगाया जाए और गांवों में नियमित



**डीएम को चाहिए कि सारे अधिकारी जो लोकतंत्र में जनता के सेवक होते हैं मगर उनके दिमाग तो सातवें आसमान पर है करते हैं सरकार की नोकरी और रहते हैं जनता के मालिक बनकर। उनके घरों से जबरन सम्बद्ध करा रखे गए लगभग 200 सफाई कर्मियों को मुक्त करा कर उनकी तैनाती के स्थान पर भिझवाय ताकि सरकार के धन का वह सदुपयोग हो सके जो ग्रामीण जनता के लिए शासन ने तय किया है एक सफाई कर्मी का वेतन लगभग 42,000/- रू. है। अब आप स्वयं ही हिसाब लगा लें कि 200 सफाईकर्मियों का वार्षिक वेतन स्वत: ही 10 करोड़ रू. के लगभग पहुंच जाता है।**

सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। यदि समय रहते इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले दिनों में हालात बद से बदतर हो सकते हैं जिससे सरकार का धन तो बट्टे खाते में जायेगा ऊपर से इलाकों में गंदगी बज बजा उठेगी। अब देखना है कि डीएम कितनी जल्दी अफसरों के बंगलो में बंधुआ बने सफाई कर्मियों को मुक्त कराकर उनके ड्यूटी के स्थान पर पहुंचाते हैं

# बुरी नियति से साड़ी खींचने पर पुलिस ने लिखा मुकद्दमा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच( जालौन )**कोतवाली के ग्राम सिकरी निवासिनी पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि मेरे पति विकलांग है और मेरे मकान निर्माण का कार्य चल रहा है जिसके बगल में बालाजी गुर्जर का मकान है जिसमें अन्नू श्रीबास्तव पुत्र नामालूम निबासी तीतरा खलीलपुर किराए से रहता है घटना दिनांक 15 अप्रैल 2026 समय करीब रात्रि 8 बजे की है जब शुभम श्रीबास्तव ऋतिक उर्फ छोटू श्रीबास्तव एवं 15 अन्य लोगों ने मेरे दरवाजे पर धावा बोल दिया और मेरे घर के अंदर घुसकर पानी डालने की बात कहकर गाली गलौच करने लगे तो मैने मकान की तलाई किये जाने की बात कही तो अन्नू श्रीबास्तव ने बुरी नियति से साड़ी पकड़कर खींच ली और समाज मे मुंह न दिखा सकने की बात कही और मुझे बालों से खींचकर पटक दिया मेरे चिल्लाने पर पड़ोसी आ गए तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकद्दमा संख्या 66/26 धारा 74/115 (2)/352/351(2)/333/191(2) बी एन एस में मुकद्दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आगामी19अप्रैल को मनाया जाएगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच( जालौन )** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के अवसर पर आगामी 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जी का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ विप्र समाज द्वारा मनाया जाएगा और उनके अनुसरण के लिए विशाल शोभा यात्रा भी निकल जाएगी यह शोभा यात्रा नया पटेल नगर स्थित राम कुंड परिसर से प्रात: 8:00 बजे प्रारंभ होकर मारकंडेश्वर तिराहा से एस आर पी इंटर कालेज रेलवे क्रासिंग सागर चौकी चन्द्रकुआँ चौराहा से स्टेट बैंक होते पॉवर हाउस बजरिया वाट स्कूल से ब्राह्मण महासभा परिसर में जाकर बिश्रामित होगी शोभायात्रा मैं बैंड बाजों घोड़ा तथा महापुरुषों के साथ भगवान परशुराम रथ पर शोभायमान होंगे तथा यात्रा मार्ग में जगह जगह पर जलपान की व्यबस्था भगवान परशुराम के बंशजों द्वारा एवं अनुयायियों द्वारा की जाएगी और भगवान परशुराम मंदिर परिसर में पूजन अर्चन के बाद प्रसाद स्वरूप विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा उक्त आशय की जानकारी ब्राह्मण महासभा राघवेंद्र तिवारी ने दी इस दौरान भास्कर दुबे गौरव तिवारी अमरेंद्र दुबे बिबेक द्विवेदी हरिश्चंद्र तिवारी शुभम सोनू तिवारी जय प्रकाश रावत सहित तमाम बिप्र बन्धु मौजूद रहे।

## छेड़खानी व मारपीट में पुलिस ने लिखा मुकद्दमा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच( जालौन )** मोहल्ला तिलक नगर ब्लॉक के पास निवासिन ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि घटना दिनांक 15 अप्रैल 2026 समय करीब रात्रि 8:00 बजे की है जब मैं मंदिर से पूजा पाठ कर वापस घर आ रही थी वह शिवा कुशवाहा जो की मेरे बड़े ऋषभ का दोस्त है कि कार को सुशील कुमार निरंजन पुत्र अशोक निवासी ग्राम गुरावती आयुष पुत्र सुशील व बंटे राठौर पुत्र नालूम अरुण राठौर पुत्र बंटे एवं अंशुल मिश्रा पुत्र नामालूम खड़े होकर बीच रास्ते मे रोके थे और गाली गलौच कर रहे थे जब मैने उक्त लोगों को मना किया तो सुशील कुमार व बंटे ने मेरा हाँथ पकड़कर अश्लील हरकत करते हुए ब्लाउज फाड़ दिया मैं किसी तरह छूटकर घर के अंदर भागी तो पीछे से सुशील घर के अंदर घुस आया और गाली गलौच करते हुए मुझे व शिवा कुशवाहा को जान से मारने की धमकी देने लगा उक्त लोगों ने शिवा कुशवाहा को जमीन पर पटककर बुरी तरह से मारापीटा तब मैने डायल 112 और 1090 पर शिकायत की तो पुलिस के आने से पहले उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिला मुकद्दमा संख्या 65/26 धारा 76/115(2)/352/351(2)/333/191(2)बी एन एस में मुकद्दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लंबित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर तत्काल निस्तारण करें-सीओ

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** लंबित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर तत्काल निस्तारण करें, रिकॉर्ड अपडेट रखें। यह बात सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने कोतवाली के त्रैमासिक निरीक्षण में अधीनस्थों को दिए।

सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने शनिवार की दोपहर कोतवाली का त्रैमासिक निरीक्षण किया। जैसे ही सीओ कोतवाली पहुंचे तो उन्होंने शस्त्रों के रख रखाव को देखा और उनका मिलान किया। कारतूसों की भी गिनती कराई। इसके बाद वह रिकॉर्ड रूम में पहुंचे जहां उन्होंने दस्तावेजों का रख रखाव देखा। आवश्यक निर्देश भी देते हुए कहा कि रिकॉर्ड हमेशा अपडेट रखें ताकि किसी भी समय कोई भी जानकारी तत्काल प्राप्त की जा सके। उन्होंने कोतवाली की साफ सफाई व्यवस्था एवं मिशन शक्ति केंद्र को भी देखा जिससे वह संतुष्ट दिखे। विवेचनाओं के बारे में जानकारी करने पर पता चला कि कोतवाली में 38 विवेचनाएं लंबित हैं। जिन्हें उन्होंने गुण दोष के आधार पर तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। बीट प्रभारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले क्रिया कलापों की जानकारी रखें। विशेष रूप से जेल से छूटे हुए अपराधियों पर पैनी निगाह रखें। सोशल मीडिया पर भी नजर बनाए रखें ताकि कोई किसी प्रकार की अफवाह न फैला पाए। इस मौके पर कोतवाल हरिशंकर चंद, इंस्पेक्टर क्राइम विवेक कुमार मौर्य, एसएसआई संजय यति, छिरिया सलेमपुर चौकी प्रभारी आलोक पाल, एसआई अमर सिंह, शिवम सिंह, हेड मुहर्रिर अशोक कुमार, सतेंद्र कुमार आदि रहे।

## ग्राम गुरावती में शिक्षा चौपाल एवं रेडनेस बालवाटिका उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ आयोजित

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच( जालौन )**तहसील क्षेत्र के ग्राम गोरा करनपुर स्थित कम्पोजिट विद्यालय में दिन शुक्रवार को बेसिक शिक्षा विभाग के संयोजन में 'शिक्षा चौपाल' एवं 'रेडनेस बाल वाटिका उन्मुखीकरण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को शिक्षा से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देना और बच्चों की नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करना रहा

कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील राजपूत ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया इस दौरान उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने और शिक्षकों के साथ संवाद बनाए रखने का आह्वान किया चौपाल में मौजूद अभिभावकों को निपुण भारत मिशन सहित विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील राजपूत उपस्थित रहे जबकि प्रधान प्रतिनिधि पुष्पेंद्र जितेंद्र गुप्ता एवं अभिलाष तिवारी मंचासीन रहे कार्यक्रम के दौरान बाल शिक्षा के महत्व प्रारंभिक शिक्षा में परिवार की भूमिका और बच्चों के समग्र विकास पर विशेष जोर दिया गया साथ ही क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई इस अवसर पर सेवा निवृत्त शिक्षकों मलखान सिंह राजकुमार और विमला जाटव को सम्मानित किया गया वहीं निपुण विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य के लिए जितेंद्र गुप्ता को भी सम्मान मिला इसके अलावा मेधावी छात्र-छात्राओं तन्मय साध्वी राशि आदित्य और उपेंद्र को पुरस्कृत किया गया। अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु करन सिंह ओमप्रकाश और रवि सिंह को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एआरपी रविन्द्र पटेल सहित क्षेत्र के शिक्षक अभिभावक और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया और आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही।

## जनपद में बिना मान्यता प्राप्त चल रहे विद्यालयों की जांच में कुल 21 विधायल अवैध पाए गए जिन्हें बन्द करने का आदेश डीएम ने पारित किया

### सीडीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने की थी सघन जांच, मगर अभी भी बहुत सारे गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय एवम कोचिंग सेंटर कार्यवाही से बचे हैं। तथा सरकारी विद्यालयों को निरंतर क्षति पहुंचा रहे हैं

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन।** जिले में बिना मान्यता के संचालित हो रहे विद्यालयों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने निरीक्षण कर 21 अवैध विद्यालयों को चिन्हित किया है। इन सभी को बंद कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जांच में जालौन, कुठौंद, माधौगढ़, कालपी और उरई तहसीलों के कई स्कूल बिना मान्यता संचालित पाए जिन्हें पहले भी नोटिस दिएजा चुके थे। निरीक्षण के दौरान कुछ विद्यालयों ने जांच से बचने के लिए ताले लगा दिए। कोटरा स्थित एक स्कूल में बाहर यूनिफॉर्म में बच्चे खड़े मिले, जबकि अंदर ताला बंद था। वहीं एक अन्य स्कूल के बारे में जानकारी मिली कि वह सप्ताह में केवल 2-3 दिन ही संचालित होता है। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी अवैध विद्यालयों को बंद कराया जाएगा और छात्रों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे केवल मान्यता प्राप्त विद्यालयों में ही बच्चों का प्रवेश कराएं।

## एबेनेजर पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

### मेधावी छात्र छात्राओ को किया गया सम्मानित

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** एबेनेजर पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अंकपत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व उपहार देकर सम्मानित किया गया।विद्यालय की प्रधानाचार्या केजी ग्रेसी ने विद्यार्थियों को अंकपत्र वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में कुल 25 विद्यार्थियों ने प्रथम, 24 ने द्वितीय और 24 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसी क्रम में नर्सरी से आहत, प्राची, श्रेया अग्रवाल, एलकेजी से हुमैरा, उर्जव, देव, यूकेजी से योगेंद्र, हार्दिक नायक, हितांश पटेल, कक्षा 1 से कृष्णा, तनु, वंश गौतम, कक्षा 2 से आस्था, दृष्टि, राम, कक्षा 3 से अमय झा, रिदम, हरीश, कक्षा 4 से दिव्या निरंजन, आराध्या, आर्यन, कक्षा 5 से अंशिका, आयुष्मान तिवारी, राखी, कक्षा 6 से देवांश गुप्ता, देवांश, रुद्र प्रताप और कक्षा 7 से आलोक सोनी, साजिद मंसूरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर नर्सरी से आरन्या, रायान अग्रवाल, धैर्य सोनी, एलकेजी से पाखी, काव्या, रिजा, मुहम्मद रिहान, यूकेजी से आजम, स्तुति, पार्थ राजपूत, कक्षा 1 से साहिल, देव प्रजापति, प्रकृति कुशवाहा, कक्षा 2 से सौम्या, जान्हवी, कक्षा 3 से आयुष भोंसले, युवान, अथर्व छावला, कक्षा 4 से दिव्या कुशवाहा, ऋषिका, लक्ष्य पटेल, कक्षा 5 से आयत, लक्ष्य पटेल, कक्षा 6 से समृद्धि, देव कुशवाहा और कक्षा 7 से ऋतिक राना, पार्थ पटेल रहे। वहीं तृतीय स्थान पर भी विभिन्न कक्षाओं के 24 विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या ने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई में सहयोग देने और नियमित रूप से उनकी प्रगति पर ध्यान देने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं अमन, रामनरेश, ज्योति, लखन, प्रतीक्षा, निशा, अनुष्का, अंशिका, लक्ष्मी, आमीन आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक एएक्स जोसफ ने छात्र छात्राओ को बधाई दी तथा उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।

## विश्व हिंदू परिषद द्वारा बजरंग दल नगर इकाई का किया गया पुनर्गठन

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच( जालौन )**मुहल्ला तिलक नगर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में दिन शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष साकेत शांडिल्य की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई जिसमें बजरंग दल नगर इकाई का पुनर्गठन किया गया बैठक में सर्वसम्मति से युवाओं की भागीदारी बढ़ने पर जोर देते हुए चंदन सोनी को बजरंग दल का नगर संयोजक मुन्ना को गौ रक्षा प्रमुख नगर से संयोजक के रूप में अभि सोनी नगर मिलन केंद्र प्रमुख देवेश सह गौ रक्षा प्रमुख सारांश नगर सह गौ रक्षा प्रमुख सत्यम छात्र संपर्क प्रमुख संकेत और सह प्रमुख कुणाल को बनाते हुए उन्हें अपने दायित्वों का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया गया वहीं नगर सुरक्षा प्रमुख के रूप में रुपेश तिवारी को नियुक्त किया गया है इस दौरान अध्यक्षता कर रहे विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष ने नवनियुक्त पदार्थ कार्यों को बधाई देते हुए संगठन की विचारधाराओं को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि बजरंग दल युवाओं को जोड़ने और समाज सेवा कार्यों में अग्रणीय भूमिका निभाते हुए संगठन को मजबूती प्रदान कर रहा है जिसे और अधिक निखारने की आवश्यकता है इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला सह संयोजक शिशिर ठाकुर जिला सह मंत्री श्यामजी शर्मा नगर अध्यक्ष सन्तोष तिवारी नगर मंत्री सुमित अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल गोस्वामी प्रभात उदैनिया महेंद्र चन्देरिया सहित तमाम संगठन से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में 23 शिकायतें दर्ज

### पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई ।** तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में 23 शिकायतें दर्ज हुईं। जिनमें मौके पर पांच शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपकर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश एसडीएम ने अधीनस्थों को दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान एसडीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी शिकायतें आती हैं, उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। किसी भी फरियादी को शिकायत के निस्तारण के लिए परेशान न होना पड़े। निस्तारण के संबंध में शिकायतकर्ता को भी जानकारी दें। इस दौरान राजस्व विभाग की सर्वाधिक 10 शिकायतें पंजीकृत हुईं। समाज कल्याण की चार, बिजली निगम की तीन, गृह, विकास एवं नगर विकास की दो-दो शिकायतें पंजीकृत हुईं। इनमें राजस्व विभाग की नाम संशोधन से जुड़ी दो शिकायतों, समाज कल्याण विभाग की पेंशन संबंधी दो शिकायतें और बिजली निगम की बिजली बिल संसोधन से जुड़ी एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 18 शिकायती पत्रों को संबंधित विभागाध्यक्षों को सौंपते हुए उनके समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए

## प्राथमिक विद्यालय भवानीराम के बच्चे पेयजल के लिए परेशान, जल संस्थान कनेक्शन बता रहा अवैध

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नगर में संचालित प्राथमिक विद्यालय भवानीराम के बच्चे पेयजल के लिए परेशान हो रहे हैं। विभाग कनेक्शन को अवैध बता रहा है। जिसके चलते पेयजल की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। वार्ड के सभासद व प्रधानाचार्य ने जिलाधिकारी को संबोधित शिकायती पत्र एसडीएम को देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

सभासद हर्षित श्रीवास्तव व विद्यालय के प्रधानाध्यापक हिमांशु पुरवार ने जिलाधिकारी को सम्बोधित शिकायती पत्र एसडीएम हेमंत पटेल को देकर बताया कि प्राथमिक विद्यालय भवानीराम नगर क्षेत्र में संचालित है। विद्यालय में पूर्व में जलकल विभाग के माध्यम से एक पानी का कनेक्शन लगाया गया था। यह कनेक्शन वर्तमान में खराब हो चुका है।इसको ठीक कराने के लिए जलकल विभाग को कई बार लिखित व मौखिक रूप से शिकायत की गई। लेकिन विभाग द्वारा इस कनेक्शन को अवैध बताते हुए उसको चालू कराने से इंकार किया जा रहा है। गर्मी के मौसम में विद्यालय में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। पिछले वर्ष भारत विकास परिषद के सहयोग से विद्यालय में एक वाटर कूलर स्थापित किया गया था, लेकिन जल आपूर्ति बाधित होने के कारण उसका भी उपयोग नहीं हो पा रहा है। विद्यालय में एक हैंडपंप भी है, लेकिन उससे स्वच्छ जल नहीं निकलता है। ऐसे में न केवल पेयजल की व्यवस्था बाधित हो रही है, बल्कि मध्यान्ह भोजन बनाने में भी कठिनाई हो रही है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि विद्यालय में पेयजल की उचित व्यवस्था कराई जाए ताकि बच्चों और अध्यापकों को पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े।

## आयुष ने किया नगर का नाम रोशन

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** बार संघ के पूर्व अध्यक्ष संजीव तिवारी के सुपुत्र व उज्ज्वल तिवारी के भाई आयुष त्रिपाठी ने राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा एसएससीसीजीएल उत्तीर्ण कर नगर का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा उत्तीर्ण कर उसने जीएसटी इंस्पेक्टर का पद हासिल किया है। आयुष ने हाईस्कूल की परीक्षा मॉर्निंग स्टार उरई एवं इंटरमीडिएट की जुगलदेवी इंटर कालेज कानपुर से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। स्नातक की परीक्षा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से उत्तीर्ण की है। उसने इंदौर में रहकर कंपटीशन की तैयारी की, वर्तमान में भारतीय रेल सेवा में कार्यरत है। अपनी इस कामयाबी का पूरा श्रेय वह अपने पिता संजीव, मां अलका एवं बड़े भाई उज्जवल को देते हुए कहते है कि इन लोगों ने हर लेवल पर उसका सहयोग किया जिसकी बदौलत उसे यह मुकाम हासिल हुआ है।

## जनपद में उग्र हो गया स्मार्ट मीटर का विरोध, महिलाएं बढ़ चढ़ कर ले रहीं हैं आंदोलन में हिस्सा

### पुलिस ने 78 लोगों के दर्ज की एफआईआर

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन:** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में 'स्मार्ट मीटर' को लेकर लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और यहां पर पुरुष समेत कई महिलाएं भी सड़कों पर उतर आई। इसके बाद विरोध प्रदर्शन जताते हुए सड़कों पर जाम लगा दिया। इस भीड़ के द्वारा किए गए उपद्रव के बाद प्रशासन ने काफी सख्त रवैया अपनाते हुए सभासद समेत 18 नामजद और 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिला प्रशासन का साफतौर पर कहना है कि कानून को हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

दरअसल, जालौन जिले के माधौगढ़ तहसील में बीते बुधवार को लक्ष्मनपुरा, पटेल नगर, मालवीय नगर और उत्तरी मालवीय नगर के करीब एक सौ उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने बिजली निगम द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटरों को घरों से उखाड़कर सीधे चितौरा चौराहे और सिहारी चौराहे पर पटक दिया और सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया। हालात इतने बिगड़ गए कि माधौगढ़-रामपुरा मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई घंटों तक लोग जाम में फंसे रहे

अधिकारियों की कोशिश नाकाम



सूचना मिलते ही मौके पर एसडीएम राकेश कुमार सोनी, एसडीओ उमाशंकर सक्सेना, तहसीलदार गौरव कुमार व नायब तहसीलदार भुवनेन्द्र कुमार पहुंचे। मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने की पूरी कोशिश की, लेकिन भीड़ टस से मस नहीं हुई। उल्टा कुछ उपद्रवी अधिकारियों से उलझने और तीखी बहस करने पर उतर आए, जिससे स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो गई।

#### पुलिस ने 78 लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

वहीं, लोगों के द्वारा लगातार जाम और प्रशासनिक रोक के बाद भी जब प्रदर्शनकारी नहीं माने, तो पुलिस ने सख्ती दिखाई और सड़क जाम करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अव्यवस्था फैलाने और कानून व्यवस्था प्रभावित करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने 78 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

#### ये हैं नामजद आरोपी

सभासद अरविंद सिंह सेंगर समेत 18 लोगों को नामजद किया गया है। अन्य आरोपियों में धर्मेन्द्र, सचिन, कैलाश, हल्कू, अतर, दीपू, दीपक, अतर सिंह, सुखराम, पुष्पेन्द्र, दीपेन्द्र, मुकेश, रिंकू, रोमन, प्रहलाद, कल्लू और विपिन शामिल हैं। इसके अलावा 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

#### क्या बोले सीओ?

सीओ अबुंज सिंह ने स्पष्ट कहा कि वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने और कानूनी प्रक्रिया का पालन करने की अपील की है

# भ्रष्टाचार की गर्त में पैर से सिर तक डूबे है रामपुरा वीडीओ?

## 1 वर्ष से निकाल रहे एडीओ ग्राम विकास बगैर का काम किए ही वेतन

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** वैसे तो खंड विकास अधिकारी तमाम तरीके के भ्रष्टाचार में सन्नलिप्त रहते ही है लेकिन रामपुरा ब्लॉक मे तैनात खंड विकास अधिकारी गजेंद्र सिंह यादव अपने कारनामों में विख्यात है इन्हीं के ब्लॉक में तैनात एक एडियो ग्राम विकास विभाग जो की बीते मार्च 2025 में अपनी याददाश्त और चलने फिरने की क्षमता गवा चुके है लेकिन विभागीय मेहरबानी के चलते न मेडिकल लीव ना किसी तरह का कोई अवकाश लिया गया और ना ही कभी सहायक विकास अधिकारी को ब्लॉक में देखा गया लेकिन फिर भी उसे सहायक विकास अधिकारी की तनख्वाह बिना किसी कटौती के पूरा वेतन दिया जा रहा है जबकि उक्त सहायक विकास अधिकारी ब्लॉक तक जाने में पूरी तरह से असमर्थ है फिर भी उनकी मेहरबानी इतनी है कि बिना काम के ही उसे सहायक विकास अधिकारी का पूरा वेतन आहरित किया जा रहा है जिससे यह स्पष्ट होता है कि खंड विकास अधिकारी रामपुरा सरकार के बजट पर फर्जीफिकेशन करते हुए तकरीबन 80 हजार रुपए के लगभग हर महीने सरकार का पैसा बिना काम किया का दे रहे हैं। जिससे यह स्पष्ट होता है कि खंड विकास अधिकारी रामपुर गजेंद्र सिंह यादव न सिर्फ मनरेगा घोटाले में ही माहिर है बल्कि फौजी वाला करते हुए बिना काम के पथ पर देते रहते हैं एक माह बीतने के बाद संबद्ध किए गए सहायक विकास अधिकारी ने विकास भवन में नहीं की जॉइनिंग। बीते 19 मार्च को सहायक विकास अधिकारी रितेश परिहार को शासन के द्वारा निलंबित कर दिया गया था पर अभी तक उन्होंने जिला विकास अधिकारी कार्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं की है।

# संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन के नेतृत्व में चलाया गया चैकिंग अभियान

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** राजेश कुमार वर्मा सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) झाँसी सम्भाग, झाँसी के नेतृत्व में जनपद जालौन में सुरेश कुमार वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), विनय कुमार पाण्डेय यात्रीकर/मालकर अधिकारी व वीर बहादुर सिंह टीएसआई व उनकी टीम द्वारा शहर के प्रमुख चैराहों पर मॉडिफाइड साइलेंसर/हूटर/प्रतिबंधित हॉर्न आदि के अभियान चलाया गया। इस कार्यवाही के दौरान मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने वाले दुपहिया वाहनों, विशेषकर बुलेट और स्पोर्ट्स बाइक्स को निशाने पर लिया गया। चेकिंग के दौरान वाहनों में कंपनी मानकों के विपरीत 'आफ्टर-मार्केट' साइलेंसर लगे पाए गए। इन सभी वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत 04 वाहनों के विरुद्ध चालान/निरुद्ध की कार्यवाही की गयी साथ ही अन्य वाहनों के भी चालान किए गए। प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा कड़ा रुख अपनाते हुए कई वाहनों के मौके पर ही अवैध साइलेंसर निकलवाकर और उन्हें जब्त कर लिया गया। वाहनों में ध्वनि विस्तारक यंत्र या संशोधित साइलेंसर लगाना न केवल ध्वनि प्रदूषण फैलाता है, बल्कि यह सड़क पर अन्य चालकों का ध्यान भटकाकर दुर्घटनाओं को भी निमंत्रण देता है। विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो भी वाहन शोर संबंधी मानकों का उल्लंघन करेगा, उसके विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। साथ ही टीम द्वारा स्थानीय साथ ही रॉयाल इन फील्ड एजेंसी व अन्य स्थानीय गैराजों और ऑटो-पार्ट्स डीलरों के यहाँ जाकर औचक निरीक्षण किया तथा विक्रीत होने वाले वाहनों की भी जाँच की गयी। जाँचोपरान्त उनको कड़े निर्देश जारी किए हैं कि यदि कोई भी वर्कशॉप अवैध रूप से साइलेंसर मॉडिफिकेशन में संलिप्त पाई गई, तो उसका लाइसेंस निरस्त करने हेतु कार्यवाही कर दी जाएगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित गैराज और ऑटो-पार्ट्स स्वामी का होगा। परिवहन विभाग, जनपद जालौन आम जनता से अपील करता है कि वाहन खरीदते समय मिले अधिकृत साइलेंसर का ही उपयोग करें। वायु और ध्वनि प्रदूषण मुक्त शहर बनाने में विभाग का सहयोग करें।

# निर्धारित समय सारणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाए-जिला निर्वाचन अधिकारी

( यंग भारत न्यूज )

*उरई। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ की संशोधित अधिसूचना दिनांक 17.04.2026 के क्रम में जनपद जालौन की सभी ग्राम पंचायतों की निर्वाचन नामावलियों का समय सारणी के अनुसार वृहद पुनरीक्षण किया जाएगा, मतदाताओं के Deduplication एवं कंप्यूटरीकरण की कार्यवाही 21अप्रैल 2026 से 28 मई 2026 तक, कंप्यूटरीकरण के उपरांत मतदान केंद्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग, मतदाता क्रमांक, स्कून्ह आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग फोटो प्रतियां कराने आदि 29 मई 2026 से 09 जून 2026 तक, निर्वाचन नामावलियों के लिए अंतिम प्रकाशन 10 जून 2026 तक किया जायेगा7 जनपद जालौन के समस्त विकास खण्डों ( रामपुरा, कुठौन्द, माधौगढ़, नदीगांव, जालौन, महेवा, कदौरा डकोर, कोंच) की निर्वाचक नामावली का वृहद् पुनरीक्षण आयोग के कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के संशोधित पुनरीक्षण कार्यकम का प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा तथा सार्वजनिक जानकारी हेतु समस्त संबंधित कार्यालयों के सूचना पट्ट पर भी यह कार्यकम प्रदर्शित किया जायेगा, निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित समय सारणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाएगा।*

# अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान दिया गया प्रशिक्षण

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी जालौन ए0के0 सिंह के निर्देशन में अग्निशमन अधिकारी, उरई एवं प्रभारी अग्निशमन केन्द्र, कोंच कालपी, जालौन, माधौगढ़ के द्वारा पेट्रोल पम्पों पर अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण दिया गया एवं निम्न दिशा निर्देश तथा जानकारी प्रदान की गई। निर्धारित संख्या में सूखे बालू से भरी बाल्टियां रखें, ज्वलनशील तरल पदार्थों की आग को बुझाने के लिए निर्धारित पर्याप्त संख्या में तेल व बिजली की आग बुझाने वाले फायर एक्सटिंग्यूसर कार्यशील दशा में पेट्रोल पम्प पर सदैव रखें, पेट्रोल पम्प के समस्त कर्मचारियों को फायर एक्सटिंग्यूसर के प्रयोग की विधि बतायें, महीने में एक बार पेट्रोल पम्प पर फायर ड्रिल करें, टैंकर से अण्डर ग्राउन्ड टैंक में पेट्रोल / डीजल भरने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि उचित अर्थिंग कर ली गयी है, पेट्रोल / डीजल भरते समय ध्यान रखें कि अण्डर ग्राउन्ड टैंक ओवर फ्लो न हो क्योंकि ऐसी स्थिति में बिखरे हुये पेट्रोल में आग लग सकती है, पेट्रोल पम्प पर रखे जाने वाले उत्पादों / उपकरणों को व्यवस्थित ढंग से रखें, पेट्रोल पम्प पर कूड़ा, सूखीघास, तेल से भीगे कपड़े अथवा झाड़न को इधर-उधर न फेंके इन्हें कूड़ेदान में रखें और उसके बाद कूड़ेदान को पेट्रोल पम्प से दूर कर दें, अन्यथा ऐसी सामग्री में अपने आप आग लगने की सम्भावना रहती है, पेट्रोल पम्प के परिसर में कहीं पर यदि पेट्रोल किन्हीं कारणोवश गिर गया हो तो उस पर सूखा बालू डालकर उसकी सफाई करा दें, गाड़ियों का इंजन बन्द करवाने के पश्चात ही पेट्रोल / डीजल भरें, धूम्रपान निषेध व अग्नि सुरक्षा के उपरोक्त निर्देश बनाकर प्रमुख स्थान पर टांग कर रखें तथा आग लगने पर सर्वसम्बधित को तत्काल सूचना दें, आग बुझाने के लिये निर्धारित फायर एक्सटिंग्यूसर अथवा बालू का प्रयोग करें, आग के निकट से अन्य ज्वलनशील सामग्री को दूर हटायें, तेल भरते समय गाड़ी में आग लगी हो तो उसे पेट्रोल पम्प से दूर ले जाने का प्रयास करें, आग लगने पर बिजली की सम्पूर्ति बंद कर दें, आग लगने की सूचना तत्काल फायर सर्विसध्पुलिस कन्ट्रोल को दें, आग लगने की सूचना निकटतम फायर / पुलिस स्टेशन को भी दी जा सकती है, फायर सर्विस की गाड़ी आने पर उसे रास्ता दें तथा निकटतम पानी के श्रोत की जानकारी दें, घटना स्थल पर भीड़ न एकत्र होने दें।

# महिला आरक्षण बिल के समर्थन में एनडीए समर्थक शिवसेना ने रैली निकाली

( यंग भारत न्यूज )





**उरई ( जालौन )।** महिला विल के समर्थन में एनडीए सहयोगी दल शिवसेना (शिंदे गुट) जिला जालौन द्वारा बिल के समर्थन प्रदर्शन में शिवसेना जालौन इकाई के तत्वावधान में रमेश्वर चौराहा, उरई पर संसद में महिलाओं के सम्मान एवं अधिकारों से जुड़े बिल के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया गया और शहर के रामेश्वर चौराहा से बघौरा बाईपास तक रैली निकाली गयी ।इस दौरान शिवसेना मंडल उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने कहा कि शिवसेना का यह कार्यक्रम नारी सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को समर्पित है ।जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने काले बैनर के साथ नारेबाजी करते हुए महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की मांग को मजबूती से उठाया।

कार्यक्रम का नेतृत्व कृष्ण कुमार आर्य जिला अध्यक्ष, जालौन द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में समान भागीदारी मिलना अत्यंत आवश्यक है और यह बिल देश की महिलाओं के अधिकारों को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि शिवसेना हमेशा नारी सम्मान के पक्ष में खड़ी रही है और आगे भी इसी प्रकार संघर्ष करती रहेगी। इस अवसर पर सत्यम सक्सेना (झांसी मंडल प्रभारी), मिथलेश कुमार (झांसी मंडल उपाध्यक्ष), विजय राठौर (नगर अध्यक्ष, जालौन), अरविंद राजपूत (नगर अध्यक्ष, उरई) सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में इस बिल के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा एवं उनके सशक्तिकरण के लिए निरंतर संघर्ष जारी रखा जाएगा।

# महिला चिकित्सालय उरई के पार्किंग के अंदर खड़ी बाइक चोरी

- पार्किंग ठेकेदार ने काटी थी दस रुपए की पर्ची
- यदि पुलिस गाड़ी को बरामद न कर सकी तो देना होगा पार्किंग ठेकेदार को पूरा मुआवजा


ठेका पार्किंग स्टैण्ड
जिला पुरूष चिकित्सालय, उरई
मोटर साईकिल, चार पाहिया वाहन
क्र0- 2623 दिनांक 12/4
गाड़ी नम्बर 3587
मोटर साईकिल 10/- रू0
फोर व्हीलर 20/- रू0
पार्किंगकर्ता
समय : 8 बजे से सायं 2 बजे तक इसके बाद ...न की हमारी कोई जिम्मेदारी न होगी।

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी रहीस पुत्र फुंदना ने बताया कि उरई कोतवाली क्षेत्र के महिला चिकित्सालय उरई की पार्किंग में उसकी बाइक खड़ी थी। 16 अप्रैल 2026 को समय लगभग 10 बजे अपनी बाइक लेकर आया और जिला अस्पताल की पार्किंग में खड़ी कर दी तथा प्रार्थी अपनी भाभी को दिखाने के लिए अंदर चला गया प्रार्थी के पास पार्किंग में बाइक खड़ी करने की ठेकेदार द्वारा दी गयी दस रुपए की पर्ची प्रार्थी के पास है। बाइक का आसिफ पुत्र छुन्दन के नाम रजिस्ट्रेशन है। बाइक नम्बर यू.पी.-92 ए.के.-3359 पल्सर 125 सीसी (काला रंग) लेकर जिला अस्पताल महिला की पार्किंग में खड़ी कर दी थी। प्रार्थी लगभग 1:30 बजे अस्पताल से बाहर आया तो प्रार्थी की गाड़ी पार्किंग में नहीं थी प्रार्थी ने पार्किगं वाले से पूछा तो वह कहने लगा कि हम तो ठेकेदार के आने के बाद सीसीटीवी कैमरे को चेक कराएंगे हम आपकी गाड़ी को कैसे बता सकते कि आपकी गाड़ी किस वक्त चोरी हो गई प्रार्थी ने गाड़ी की काफी खोजबीन की और लोगो से पूंछा किन्तु गाड़ी का कोई पता नही चला। इस लिये प्रार्थी रिपोर्ट को आया है। प्रार्थी द्वारा गाड़ी की रिपोर्ट दर्ज करके गाड़ी दुरूपयोग न हो सके एवं गाड़ी पार्किंग ठेकेदार के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही किये जाने मांग भी उठाई है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 34 में से 14 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण

## जनसुनवाई के साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाए, संचारी रोग नियंत्रण व व्यवस्थाओं पर दिए सख्त निर्देश

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** तहसील कौंच के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया। इस दौरान जिलाधिकारी के समक्ष कुल 34 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 14 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर राहत प्रदान की गई, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए ।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्रशासन की जनसेवा की तत्परता भी देखने को मिली, जहां कैलाशी देवी एवं रामसेवक का प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड मौके पर ही बनवाया गया, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का लाभ तुरंत प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि गांव-गांव और शहर-शहर एंटी लार्वा छिड़काव एवं फॉगिंग की कार्यवाही नियमित रूप से कराई जाए, ताकि मौसमी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। उन्होंने जल संरक्षण एवं पशुधन संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए निर्देश दिए कि जनपद के सूख चुके तालाबों को नहरों के माध्यम से भरने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जिलाधिकारी ने गौशालाओं में हरा चारा, भूसा, स्वच्छ पेयजल एवं पर्याप्त छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे निराश्रित गौवंश को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही उन्होंने गेहूं क्रय केंद्रों की व्यवस्थाओं पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और किसानों के लिए छाया, पेयजल, तौल व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं सुगम बनी रहनी चाहिए।

# सड़क सुरक्षा दिवस पर चलाया गया हेलमेट वितरण एवं जागरूकता अभियान

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** सड़क सुरक्षा के द्वितीय दिवस पर हेलमेट वितरण एवं जन-जागरूकता अभियान रामेश्वर चौराहा उरई में आयोजित किया गया। सड़क सुरक्षा के द्वितीय दिवस के अवसर पर जीवन ज्योति चंद्र कमल एकेडमी द्वारा ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से एक विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति18 जागरूक करना और हेलमेट के महत्व को समझाना था ।कार्यक्रम के दौरान रामेश्वरम चौराहे पर राहगीरों एवं दोपहिया वाहन चालकों को कुल 50 हेलमेट वितरित किए गए। साथ ही उपस्थित लोगों को एंड्रॉइड रोड सेफ्टी एवं सुरक्षित ड्राइविंग के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई, ताकि वे स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रख सकें। अभियान में क्षेत्राधिकारी राजीव कुमार वर्मा एवं प्रभारी यातायात वीर बहादुर सिंह ने सक्रिय सहभागिता निभाई और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का आयोजन जीवन ज्योति चंद्र कमल एकेडमी के डायरेक्टर्स संतोष कुमार निरंजन और अनुभव निरंजन (एमडी) के नेतृत्व में किया गया, जिनके प्रयासों से यह जनहितकारी पहल सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित नागरिकों से अपील की गई कि वे हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें, यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं।

# हर ब्लॉक के 10-10 गांवों में चौपाल, एक माह में समस्त योजनाओं से होगा शत-प्रतिशत संतृप्तीकरण

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रत्येक विकास खंड के 10-10 गांवों में विशेष चौपाल आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान के तहत छूटे हुए पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से संतृप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे एक माह के भीतर पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि शासन की मंशा के अनुरूप 'हर पात्र तक लाभ' सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम बनेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चौपालों में सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता रहे, जिससे मौके पर ही पात्रता का सत्यापन कर योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि गांव स्तर पर आयोजित इन चौपालों में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, राशन कार्ड, पेंशन योजनाएं, किसान सम्मान निधि, श्रम विभाग की योजनाएं समेत सभी प्रमुख योजनाओं को शामिल किया गया है। किसी भी पात्र व्यक्ति को वंचित न रहने देने के लिए विशेष अभियान मोड में कार्य किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक चौपाल की पूर्व सूचना ग्राम स्तर पर व्यापक रूप से प्रसारित की जाए, ताकि अधिकतम लोग इसमें भाग ले सकें। साथ ही, चौपालों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए। जनपद के सभी विकास खंडों में चिन्हित गांवों में चौपाल आयोजित करने की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं, जिनके माध्यम से चरणबद्ध तरीके से यह अभियान संचालित किया जा रहा है। उपलब्ध सूची के अनुसार प्रत्येक ब्लॉक के 10-10 गांवों में निर्धारित तिथियों पर अपराह्न 3 बजे से चौपाल आयोजित की जा रही हैं, जिससे अभियान को समयबद्ध और प्रभावी बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि इस अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह पहल जनपद में सुशासन और पारदर्शिता की दिशा में एक मजबूत कदम है, जिससे आमजन को सीधे लाभ मिल सकेगा।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा को जनपद ने किया शुभारंभ

## जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद में आज आस्था, संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव से जुड़े 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली, जब कलेक्ट्रेट परिसर से श्रद्धालुओं के दल को विधिवत हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय तथा जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुरक्षित एवं सफल यात्रा की हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा के अंतर्गत जनपद से चयनित 10 श्रद्धालुओं को गुजरात स्थित पवित्र सोमनाथ धाम के दर्शन हेतु भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की सांस्कृतिक विरासत, आस्था और पुनर्निर्माण की गौरवगाथा का प्रतीक है, जिसका आयोजन प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार इस पर्व के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि आमजन में अपनी सांस्कृतिक पहचान के प्रति गर्व की भावना सुदृढ़ हो सके। सोमनाथ मंदिर भारतीय इतिहास में संघर्ष और पुनर्निर्माण का प्रतीक रहा है। यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि देश की सांस्कृतिक एकता और गौरव को भी सशक्त करने का माध्यम है। शासन के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए रवाना किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहल जनभागीदारी को बढ़ावा देने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी रामअयोध्या प्रसाद, अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## खेत में काम कर रहे किसान की सर्पदंश से मौत, परिवार में मचा कोहराम

( यंग भारत न्यूज )




**उरई।** जनपद के एट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरूसा में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई। खेत में गेहूं की फसल काट रहे किसान को जहरीले सर्प ने डस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खरूसा निवासी किसान रवि वर्मा (35 वर्ष), पुत्र जगदीश वर्मा, शुक्रवार की शाम अपने खेत में गेहूं की कटाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक जहरीले सर्प ने उन्हें काट लिया। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए उरई मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। किसान की असामयिक मौत से परिवार में कोहराम मच गया है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार खेतों में इस समय सर्पों का खतरा बढ़ जाता है, ऐसे में सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। प्रशासन से भी क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने की मांग की जा रही है।

## सड़क पार करते समय बुजुर्ग किसान को तेज रफ्तार डंपर ने रौदा,हुई दर्दनाक मौत

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बड़ा गाँव निवासी किसान केलास (60 वर्ष) की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि केलास उरई से टेम्पो द्वारा अपने गांव लौटे थे। टेम्पो से उतरने के बाद जैसे ही वह झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे पार कर अपने घर की ओर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गए।

हादसे में गंभीर रूप से घायल केलास को आसपास के लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही उरई कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। इस हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया है, वहीं गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने नेशनल हाईवे पर बढ़ते सड़क हादसों पर चिंता जताते हुए प्रशासन से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। मृतक गरीब किसान था, तथा मृतक के बेटे पंकज व नीरज मजदूरी कर के अपने परिवार का भरण पोषण करते है



## निर्माण कार्य के कारण कालपी की बिजली सप्लाई 2 घंटे रहेगी बंद

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** विद्युत उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सचान ने अवगत कराया है कि विद्युत पारेषण केंद्र उरई के अधीन ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर फेस 2 भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की अति महत्वपूर्ण योजनाएं के अंतर्गत 220 केवीए डकोर, महेवा (400) लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

उक्त कार्य के संबंध में आपको अवगत कराना है कि उक्त लाइन के लोकेशन संख्या 31/0 तथा 31/1 के मध्य (ग्राम उसरगांव रोड), 220 केवीए डाकोर - महेवा (400) लाइन से 33 केवी लाइन क्रास कर रही है जिस कारण स्ट्रिंगिंग के कार्य हेतु 33 केवी लाइन के शट डाउन की आवश्यकता है। एसडीओ धर्मेंद्र सिंह सचिन के मुताबिक 19.04.2026 को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

## श्रीमद्भागवत कथा के महात्म्य और राजा परीक्षित के जन्म प्रसंग का रोचक वर्णन किया

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** नगर के नाना महाराज मंदिर पर आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित प्रदीप तिवारी ने श्रीमद्भागवत कथा के महात्म्य और राजा परीक्षित के जन्म प्रसंग का वर्णन किया।

दूसरे दिन कथा व्यास पंडित प्रदीप तिवारी ने भागवत कथा का महात्म्य बताते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत पुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य ज्ञान है। भागवत कथा मनुष्य को धर्म, सत्य, करुणा और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। जो व्यक्ति श्रद्धा और विश्वास के साथ भागवत कथा का श्रवण करता है, उसके जीवन के अनेक कष्ट स्वत: ही दूर होने लगते हैं और मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति का अंतर्मन शुद्ध होता है और उसे ईश्वर के निकट होने का अनुभव प्राप्त होता है। राजा परीक्षित के जन्म की कथा का वर्णन कर बताया कि राजा परीक्षित का जन्म महाभारत युद्ध के बाद हुआ था। अश्वत्थामा द्वारा छोड़े गए ब्रह्मास्त्र से गर्भ में स्थित शिशु को बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं गर्भ में प्रवेश कर बालक की रक्षा की। इसी कारण बालक का नाम परीक्षित पड़ा, क्योंकि वह जन्म से ही भगवान का साक्षात दर्शन कर चुका था। राजा परीक्षित की कथा हमें यह सिखाती है कि ईश्वर अपने भक्तों की हर परिस्थिति में रक्षा करते हैं और सच्चे भक्त को कभी निराश नहीं करते। इस मौके पर महंत विजय रामदास महाराज, पारीक्षित महेंद्र सिंह भदौरिया, हिम्मत सिंह भदौरिया, अरविंद सिंह भदौरिया, अरविंद गुप्ता, बीनू, अर्चना, सुनीता, शशी, विनीता, मीना आदि रहे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )




**जालौन-उरई।** सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने पेंटिंग बनाकर महिलाओं की भागीदारी, समान अधिकार और सशक्तिकरण से जुड़े संदेश प्रस्तुत किए।

महाविद्यालय परिसर में आयोजित नारी शक्ति वंदन प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी पेंटिंग के जरिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं को उकेरा, जिसमें लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण, निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी और महिलाओं के सशक्तिकरण के महत्व को दर्शाया गया। रंगों और रचनात्मकता के माध्यम से छात्राओं ने सामाजिक समानता और महिला सम्मान का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. नितिन मित्तल ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। इससे महिलाओं को राजनीति और नीति निर्धारण में उचित स्थान मिलेगा, जिससे समाज में संतुलित और समावेशी विकास संभव हो सकेगा। उन्होंने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं न केवल उनकी प्रतिभा को निखारती हैं, बल्कि सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक भी बनाती हैं। इस मौके पर श्वेता मिश्रा, ईशा पटेल, विनीता मिश्रा, रिया गुप्ता, निशा आदि मौजूद रहीं।

## रंजिश के चलते जयरामपुर ग्राम में 10 हमलावरों ने एक राय जोकर एक व्यक्ति करदी जमकर पिटाई

### घायल इलाज हेतु भर्ती, कोतवाली कालपी में एफआईआर हुई दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जयरामपुर में एक राय होकर लाठी डंडों तथा कुल्हाड़ी से हमला करने के मामले में पीड़ित के द्वारा 10 लोगों के खिलाफ कालपी कोतवाली में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस इस प्रकरण की विवेचना करने में जुट गई है।

उक्त घटना को लेकर वादी संजय सिंह पुत्र संतोष कुमार निवासी ग्राम जयरामपुर थाना कालपी ने कोतवाली में अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 03.04 .2026 शाम करीब 7:00 बजे जब प्रार्थी के चाचा बलजीत सिंह पत्र छोटेलाल पूरन सिंह की दुकान पर गुटखा लेने गए थे। तभी वहां पीछे से आकर एक राय होकर गांव के आरोपियों तकदीर सिंह पुत्र दुर्गा प्रसाद, मोनी व सोनी पुत्रगण तकदीर सिंह व चार-पांच अज्ञात लोगों ने प्रार्थी के चाचा बलजीत को गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारा पीटा था। जिससे उनके सिर व शरीर में गंभीर चोटें आई थी जिसका इलाज चल रहा था कि फिर दिनांक 15.04.2026 को शाम 4:00 बजे जब प्रार्थी अपने ट्यूबवेल को जा रहा था कि रास्ते में प्रार्थी को आरोपियों तकदीर सिंह व बलराम सिंह पुत्रगण दुर्गा प्रसाद मोनी सोनी पुत्रगण तकदीर सिंह बलदेव और एवं पुष्पेंद्र पुत्रगण बलराम एवं तीन चार अज्ञात लोगों ने एक राय होकर लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से गाली गलौज करते हुए मारा पीटा जिससे प्रार्थी गंभीर हो गया था प्रार्थी के शोर मचाने पर प्रार्थी की भाभी मानकुंवर पत्नी जितेंद्र एवं जगत सिंह पुत्र राम नारायण बीच बचाव को आए तो उन्होंने प्रार्थी को भाभी को भी लाठी डंडों से मारा जिससे उनको भी छोटे आई हैं उनके ललकारने पर सभी लोग रिपोर्ट करने जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

## महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** शासन के निर्देश अनुसार नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रचार अभियान के अंतर्गत कालपी कॉलेज कालपी में की प्राचार्य डॉक्टर मधु प्रभा त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम करा कर जागरूक किया गया।

महाविद्यालय के परिसर में महिलाओं , छात्राओं ने कार्यक्रमों के अंतर्गत चित्रकला एवं स्लोगन निर्माण, लोकगीत, इतिहास के विभिन्न कार्यक्रम कराए गए। प्राचार्या डॉ त्रिपाठी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समर्थन हेतु मोबाइल नंबर 96671733312 पर मिस्ड कॉल कॉलेज के सभी शिक्षकों छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों को प्रदान किया गया। नारी शक्ति पदयात्रा के अंतर्गत नगर पालिका की पूर्व उपाध्यक्ष उषा शुक्ला, भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्षा ज्योति शर्मा, नगर उपाध्यक्ष आशा देवी तथामंजू स्वर्णकार की अगुवाई में पदयात्रा निकाली गई। शिक्षकों छात्र-छात्राओं के साथ निकाली गई यात्रा में जागरुक किया गया। तथा मानव श्रृंखला निर्माण आयोजन किया गया। इस मौके पर महिला आरक्षण अधिनियम 2023 को सशक्त बनाने हेतु शपथ एवं संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में प्रभारी डॉक्टर राधारानी श्रीवास्तव, डॉक्टर कीर्ति पुरवार, डॉक्टर नीता पांडे, प्रवीण कुमार ने कार्यक्रम का सफल आयोजन में योगदान दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षकों व शिक्षणोत्तर कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता की।

## ऑटो रिक्शा चलाने को लेकर दो लोगों के बीच हुए विवाद

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** ऑटो रिक्शा चलाने को लेकर दो लोगों के बीच हुए विवाद का मामला कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने दोनों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

शनिवार की सुबह देवनगर चौराहे पर ऑटो रिक्शा सवारियां बैठाने को लेकर दो ऑटो रिक्शा चालकों के बीच विवाद शुरू हो गया। गाली, गलौज से शुरू हुआ विवाद हाथापाई तक पहुंच गया। चौराहे पर मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों को समझाने और बीच बचाव कराने का प्रयास किया। लेकिन कोई भी पक्ष तैयार नहीं हुआ। जिसकी सूचना लोगों ने कोतवाली पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही एसआई शिवम सेंगर मौके पर पहुंचे और झगड़ा कर रहे गोहान थाना क्षेत्र के ग्राम जीपुरा निवासी रविकांत व नारोभास्कर निवासी सलीम के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

## एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 14 शिकायतें प्रस्तुत

### एक प्रकरण का मौके पर निस्तारण, सबसे ज्यादा 9 मामले राजस्व विभाग के

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** शनिवार को क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह की मौजूदगी तथा उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 14 शिकायते प्रस्तुत की गई। जिसमें सबसे अधिक राजस्व विभाग के 9 मामले शामिल हैं।

तहसील सभाकक्ष मे सुवह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले समाधान दिवस में एसडीएम तथा अधिकारियों के समक्ष रामकिशोर निवासी ग्राम अभिरवा ने पात्र गृहस्थी राशन कार्ड में अपना नाम अंकित करने का प्रार्थना पत्र दिया। सरजू सिंह बड़ागांव ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है कि प्रार्थी की फसल को विपक्षी जबरन काटकर ले गए हैं। गार्गी वर्मा निवासी मोहल्ला आलमपुर में शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया है कि टरनंनगंज बाजार में दुकान के आगे अवैध अतिक्रमण को हटाया जाए। फूल कुवंर निवासिनी ग्राम कुरहना ने विधवा पेंशन बचत खाते में पहुंचने की मांग की। प्रकाश निवासी ग्राम इटोरा बावनी में कोटेदार के द्वारा सरकारी खाद्यान्न को कम देने की शिकायत की। शांति देवी निवासी मोहल्ला राम चबूतरा ने बिजली की समस्या को लेकर प्रार्थना पत्र पेश किया। उपजिलाधिकारी ने ने पिछले समाधान दिवस में आये प्रार्थना पत्रों के विभाग वार निस्तारण की समीक्षा की। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का मौके पर जाकर के गुणवत्ता पूर्वक समाधान कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की हीला हवाली नहीं होनी चाहिए। मार्च महीने में आईजीआईआरएस प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में 99 फीसदी अंक हासिल करने पर संतोष व्यक्त किया। नायब तहसीलदारों चंद्र मोहन शुक्ला, मुकेश कुमार, राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह सेंगर,नगर पालिका परिषद के अवर अभियंता प्रवीण कुमार मौर्या, विधुत विभाग के उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान, खंड शिक्षा अधिकारी रंगनाथ चौधरी,पूर्ति निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार मिश्रा, जल संस्थान के अवर अभियंता वासित अली,स्टैनो सलीम खान,तहसील के प्रशासनिक अधिकारी धीरज पुरवार, कोतवाली के एडीशनल इंस्पेक्टर अवनीश कुमार,कदौरा,आटा तथा चुरखी के थानेदारों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## परिवहन अधिकारी की रेकी करने पर 8 लोगों पर मुकदमा पांच लोग पहुंचे जेल

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई ।** मोरम गिट्टी से भरे ओवरलोडिंग एवं अवैध परिवहन के वाहनों की प्रवर्तन जांच के दौरान अधिकारियों की रेकी के मामले में सहायक परिवहन अधिकारी उरई राजेश कुमार के द्वारा ट्रक चालकों का स्वामियों समेत 8 लोगों के खिलाफ आटा थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। जबकि तीन लोगों की पुलिस तलाश करने में जुट गई है।

आरटीओ ने जिन लोगों के विरुद्ध थाने में आपराधिक मुकदमा दर्ज कराया है उन्होंने आरोपियों कामरान पुत्र अब्दुल जलील, अफजल पुत्र अब्दुल जलील, सरफराज उर्फ मुन्ना पुत्र लईक, सुभाष, मनोज व तीन लोग अज्ञात शामिल है।

## किराना व्यापारी को सस्ते में माल दिलाने का झांसा देकर 3 व्यक्तियों ने हड़प लिए 35 लाख रुपये

( यंग भारत न्यूज )

- व्यापारी ने कालपी कोतवाली में कोर्ट के आदेश से दर्ज कराई एफआईआर
- तीनों आरोपी चकेरी के रहने वाले हैं

**कालपी-उरई।** सस्ते दामों में किराना का सामान दिलाने का झांसा देकर 35 लाख रूपए हड़पने के मामले में पीड़ित व्यापारी के द्वारा न्यायालय के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ कालपी कोतवाली में अभियोग दर्ज कराया गया है इस प्रकरण की विवेचना रामगंज चौकी इंचार्ज विशाल भड़ाना के द्वारा शुरू की जा रही है।

उक्त जालसाजी के संबंध में वादी शोभित पुरवार पुत्र विनोद पुरवार निवासी कदौरा हाल निवासी मोहल्ला रामगंज कस्बा कालपी ने अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थी किराना व्यापारी है। कुछ समय पहले किराना के व्यापार के संबंध में मेरी मुलाकात आरोपियों राहुल और शुभम कुमार पुत्रगण अजय कुमार अन्य परिवार के लोग निवासीगण थाना चकेरी से हुई थी ।जिन्होंने हमें किराना की सस्ते सामान दिलवाने के नाम पर विश्वास में लेकर पैसों का लेनदेन प्रारंभ किया। किराना का सामान दिलाने के नाम पर ही 2280790 रुपए राहुल कुमार शुभम कुमार निधि के खातों में ऑनलाइन रुपए से लिया तथा 1350000 रुपए नगद जो आरोपियों राहुल कुमार व शुभम कुमार के द्वारा मुझे लिए गए तथा कुछ समान इसके बदले में नहीं दिया गया। आरोपियों की हकीकत की तो पता चला कि उक्त सभी लोगों ने प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी की एवं प्रार्थी का रुपया बेईमानी से हड़प लिया ।प्रार्थी के द्वारा रुपया मांगने पर आरोपियों के द्वारा गाली गलौज की एवं धमकाते हुए कहा गया कि किसी से भी कोई चर्चा की तो जान से मार देंगे।

# खेत में भाई को अर्धनग्न हालत में मिली बहन, उठा ले गए थे लड़के

## मुंह में. फिर पुलिस बोली- 'तुम्हारा तो कपड़ा तक.

( यंग भारत न्यूज )

यूपी के चित्रकूट में गैंगरेप पीड़िता के आत्महत्या मामले में परिजन की तहरीर पर गांव के तीन नाबालिग लड़कों के खिलाफ सुसंगत कानूनी धाराओं में मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी गई है.एसपी ने कहा है कि जांच में यदि पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. उत्तर प्रदेश के चित्रकूट से गैंगरेप की शिकार नाबालिग लड़की के आत्महत्या का मामला सामने आया है. पुलिस ने बताया कि पहाड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार को अपने घर में अनुसूचित जाति की 17 साल की एक लड़की ने फांसी लगा ली और उसके परिजन पुलिस पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं. एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि जांच में सामने आया है कि होली के दिन लड़की की मां ने उसकी बेटी को जबरन रंग लगाए जाने की मौखिक शिकायत कर कानूनी कार्रवाई न करने की बात कही थी और इस संबंध में दो पन्नों में लिखकर भी दिया था.

एसपी ने बताया कि इसके साथ ही लड़की के माता-पिता ने इस मामले में 'कार्रवाई नहीं चाहने' के वीडियो बयान भी दर्ज करवाए थे, जो पुलिस के रिकॉर्ड में दर्ज हैं. उन्होंने बताया कि लड़की के आत्महत्या करने के बाद परिजन की तहरीर पर गांव के तीन नाबालिग लड़कों के खिलाफ सुसंगत कानूनी धाराओं में मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी गई है. उन्होंने बताया कि जांच में यदि पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

### पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग



वहीं चित्रकूट सदर क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक अनिल प्रधान ने पीड़ित परिवार से भेंट करने के बाद कहा कि दलित लड़की के साथ होली के दिन हुई गैंगरेप की घटना को पुलिस ने छुपाने का काम किया है, जिससे क्षुब्ध होकर उसने आत्महत्या की है. उन्होंने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद और कानूनी संरक्षण दिए जाने तथा कथित लापरवाही के जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की है.

### खेत में अर्धनग्न हालत में थी लड़की

इससे पहले पीड़ित परिवार ने कहा था कि बीते 4 मार्च को उनकी बेटी होली वाले दिन घर से कुछ दूर पानी भरने के लिए गई हुई थी. तभी गांव के तीन लड़के उसे पकड़ अरहर के खेत में उठा ले गए और वहां उसके मुंह में कपड़ा ठूसकर उसके साथ बारी-बारी से गैंगरेप किया था. जब उसकी बेटी पानी लेकर घर नहीं पहुंची, तो उसका छोटा भाई उसे ढूंढने के लिए खेत तरफ गया तो पीड़िता खेत में अर्धनग्न हालत में थी.

### 'तुम्हारा तो कपड़ा तक नहीं फटा है'

परिवार ने बताया कि उसने इस बात की जानकारी दी, तो पीड़ित छात्रा को लेकर परिजन थाने पहुंचे, जहां उन्होंने आरोपियों के खिलाफ शिकायत की थी. पीड़िता की मां का आरोप है कि 'थाने में बेटी से पुलिस मैडम ने कहा था कि तुम्हारा तो कपड़ा तक नहीं फटा है, कोई चोट भी नहीं, हम कैसे मानें, मुकदमा दर्ज कराओगी तो शादी भी नहीं होगी.' आरोप है कि पुलिस ने हलकी धाराओं में केस लिखवाने की बात कही, जिसके बाद तीनों आरोपियों के जबरन रंग लगाने की तहरीर लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें थाने से लौटा दिया. फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है. दरोगा की पत्नी संग शारीरिक संबंध बनाने की डिमांड करने वाले इंस्पेक्टर नरेश कुमार और थानाध्यक्ष संजय शुक्ला के संग क्या हुआ ?... प्रदेश के बलिया जिले में शिकायत लेकर पहुंची महिला संग शारिरिक संबंध बनाने की डिमांड करने वाले पुलिसकर्मियों पर एक्शन हो गया है. उभांव थाने के इंस्पेक्टर क्राइम नरेश कुमार मलिक और थानाध्यक्ष संजय शुक्ला को पुलिस अधीक्षक (SP) ओमवीर सिंह ने निलंबित कर दिया है. यह कार्रवाई उस वायरल ऑडियो के आधार पर की गई है जिसमें चार्जशीट दाखिल करने के बदले महिला से निजी मुलाकात की शर्त रखी गई थी. इस मामले की जांच अब अपर पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई है.

### जांच के बदले रखी थी गंदी शर्त

मामला तब शुरू हुआ जब एक पीड़ित महिला ने वन विभाग के एक दरोगा के खिलाफ यौन शोषण और धोखे से शादी का मुकदमा दर्ज कराया था. महिला की शिकायत थी कि वन विभाग के दारोगा ने उससे मंदिर में शादी की. फिर 8 महीने के रिश्ते के बाद उसे अपनाने से इनकार कर दिया. इसकी शिकायत लेकर थाने पहुंची महिला की मुलाकात इंस्पेक्टर क्राइम नरेश कुमार मलिक से हुई. आरोप है कि क्राइम इंस्पेक्टर ने चार्जशीट दाखिल करने के नाम पर उसे मिलने के लिए बुलाया. फिर शारिरिक संबंध बनाने की डिमांड की. इस दौरान दोनों के बीच हुई बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. इस ऑडियो इंस्पेक्टर की आपत्तिजनक बातें सुनकर हर कोई दंग रह गया.

### थानाध्यक्ष पर भी गिरी गाज

ऑडियो वायरल होने के बाद शुरुआती कार्रवाई में स्क्कओमवीर सिंह ने दो दिन पहले ही इंस्पेक्टर क्राइम नरेश कुमार मलिक को निलंबित कर दिया था. हालांकि जांच में यह तथ्य सामने आया कि वायरल ऑडियो में थानाध्यक्ष उभांव संजय शुक्ला का नाम भी संदिग्ध रूप से जुड़ा हुआ था. मामले की गंभीरता को देखते हुए SP ने आज थानाध्यक्ष संजय शुक्ला को भी सस्पेंड कर दिया है.

### उच्चाधिकारियों के दखल के बाद एक्शन

पीड़िता ने स्थानीय पुलिस की कार्यशैली से परेशान होकर आजमगढ़ रेंज के डीआईजी और बलिया एसपी से न्याय की गुहार लगाई थी. महिला ने साक्ष्यों के साथ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि उससे पैसों की डिमांड के साथ-साथ शारीरिक संबंधों के लिए भी दबाव बनाया जा रहा है.

# 'मैं अकेला नहीं, साहब भी हैं' : 5 लाख के साथ गिरफ्तार BDPO ने रिश्वतकांड में खोला बड़े अधिकारियों का राज...

( यंग भारत न्यूज )

**चीका (कपिल):** ए.सी.बी. कैथल की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुहला के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी जगजीत सिंह को 5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गांव बदसूई निवासी संदीप सिंह की शिकायत पर अमल में लाई गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2000 में एस.डी.एम कोर्ट के फैसले के खिलाफ सिविल कोर्ट और कमिश्नर कोर्ट से स्टे होने के बावजूद पंचायत अधिकारी द्वारा शिकायतकर्ता पर दबाव बनाने के लिए लगातार नोटिस जारी किए जा रहे थे। इतना ही नहीं, स्टे होने के बावजूद संदीप सिंह के मकान को गिराने के आदेश जारी करने की बात भी सामने आई है। इस मामले में रिश्वत के तार अन्य उच्च अधिकारियों तक जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल ए.सी.बी. टीम पूरे मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई है। शिकायतकर्ता ने कहा उनके पास मौजूद रिकॉर्डिंग में बी.डी.पी.ओ ने कहा – मैं अकेला थोड़े ही हूं, एस.डी.एम. साहब भी तो हैं : इस मामले में दूरभाष पर जानकारी देते हुए मामले के शिकायतकर्ता संदीप सिंह ने बताया कि उनके पास यह रिकॉर्डिंग उपलब्ध है जिस समय बी.ड़ी.पी.ओ से उनकी बात हो रही थी तो उन्होंने रिश्वत की राशि पर यह कहा था कि मैं अकेला थोडे ही हूं एस.डी.एम साहब भी तो है। बहरहाल इस मामले में जब एस.डी.एम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह का पक्ष जानने की कोशिश की गई तो उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया और कोई प्रति उत्तर नहीं दिया गया। बहरहाल इस मामले में पंजाब केसरी पुष्टि नहीं करता कि मामले में कितनी सत्यता है लेकिन शिकायत कर्ता द्वारा लगाए गए आरोप भी नहीं नकारे जा सकते। ए.सी.बी. से जांच अधिकारी सूबे सिंह ने कहा कि शिकायतकर्ता से शिकायत प्राप्त हुई थी और उनके द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर टीम का गठन करके यह कार्रवाई अंजाम में लाई गई है।

# मां ने ही उजाड़ दिया बेटी का घर दामाद संग हनीमून मनाकर हो गई प्रेग्नेंट

## तलाक करवा जमाई राजा से कर ली शादी

( यंग भारत न्यूज )

मां पूरी दुनिया में अपनी बेटी से सबसे अधिक प्यार करती है। वह उसकी खुशी का पूरा ध्यान रखती है। एक बार खुद दुख और तकलीफ में रह ले, लेकिन बेटी के चेहरे पर उदासी नहीं आने देती है। जब बेटी जवानी की दहलीज पर कदम रखती है तो उसे उसकी शादी की चिंता खाए जाने लगती है। तब वह बस यही सोचती है कि उसे एक अच्छा दामाद मिल जाए जो उसकी बेटी का जीवनभर ध्यान रखे। लेकिन क्या होगा जब खुद मां अपने दामाद से संबंध बना ले और बेटी का बसा बसाया घर तबाह कर दे ?




### हनीमून पर सास को ले गया दामाद

रिश्तों को तार-तार करने वाला यह अनोखा मामला साल 2020 में लंदन में सामने आया था। लेकिन एक बार फिर यह सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। लॉरेन वॉल नाम की महिला जब 19 साल की थी तो उसने एयरपोर्ट पर काम करने वाले पॉल व्हाइट से शादी कर ली थी। उस दौरान उसकी मां जूली 55 साल की थी। इस दौरान जूली की अपने दामाद पॉल व्हाइट से नजदीकियां बढ़ने लगी थी। शादी के पहले जब बेटी ने उसे पॉल से मिलवाया था तो तब से ही दोनों एक दूसरे में दिलचस्पी लेने लगे थे। हद तो तब हो गई जब शादी वाले दिन ही दोनों ने संबंध बना लिए। तब बेटी इस बात से अनजान थी। शादी के बाद लॉरेन और पॉल हनीमून मनाने गए। ये खबर आप हिमाचली खबर में पढ़ रहे हैं। यहाँ पॉल ने चालाकी दिखते हुए अपनी सास जूली को भी हनीमून पर इनवाइट कर लिया।

### सास बन गई दामाद के बच्चे की मां

लॉरेन तब अपने पति और मां के अफेयर से अनजान थी। इसलिए उसे इस बात से दिक्कत नहीं हुई। उसने सोचा मां भी इस बहाने थोड़ा घूम फिर लेगी। लेकिन उसे क्या पता था कि यह मां उसके ही पति का बिस्तर गर्म कर रही है। कुछ हफ्तों का हनीमून मनाने के बाद तीनों घर आए। इसके बाद लॉरेन और पॉल के बीच तनाव रहने लगा। शादी के कुछ ही हफ्तों बाद पॉल ने लॉरेन को तलाक दे दिया। हैरत की बात ये रही कि इस मोमेंट तक भी लॉरेन को जानकारी नहीं थी कि उसकी मां का पॉल से अफेयर ही इस तलाक की वजह है। खैर कुछ महीनों बाद लॉरेन की मां जूली पेट से हो गई। उसने एक बच्ची को जन्म दिया। तब जाकर लॉरेन को पता चला कि ये बच्ची का पिता उसका पति ही है। मां और एक्स हसबैंड के अफेयर की बात जानकर लॉरेन बड़ी दुखी हुई। उसने सपने में भी नहीं सोचा था कि उसकी मां उसका बसा बसाया घर इस तरह उजाड़ देगी।

### पत्नी को तलाक देकर सास से कर ली शादी

हद तो तब हो गई जब उसकी मां ने पॉल से शादी कर ली। वह उसके साथ रहने लगी। लॉरेन बताती हैं कि वह अपनी मां को इस धोखे के लिए कभी माफ नहीं कर पाएगी। उधर इस कहानी को सुनकर लोग भी हैरान रह गए। उन्हें यकीन नहीं हुआ कि एक मां अपनी बेटी के साथ ऐसा भी कर सकती है।

# दरोगा की पत्नी संग शारीरिक संबंध बनाने की डिमांड करने वाले इंस्पेक्टर नरेश कुमार और थानाध्यक्ष संजय शुक्ला के संग क्या हुआ?...

( यंग भारत न्यूज )

**बलिया।** प्रदेश के बलिया जिले में शिकायत लेकर पहुंची महिला संग शारिरिक संबंध बनाने की डिमांड करने वाले पुलिसकर्मियों पर एक्शन हो गया है. उभांव थाने के इंस्पेक्टर क्राइम नरेश कुमार मलिक और थानाध्यक्ष संजय शुक्ला को पुलिस अधीक्षक (SP) ओमवीर सिंह ने निलंबित कर दिया है.

यह कार्रवाई उस वायरल ऑडियो के आधार पर की गई है जिसमें चार्जशीट दाखिल करने के बदले महिला से निजी मुलाकात की शर्त रखी गई थी. इस मामले की जांच अब अपर पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई है.



### जांच के बदले रखी थी गंदी शर्त

मामला तब शुरू हुआ जब एक पीड़ित महिला ने वन विभाग के एक दरोगा के खिलाफ यौन शोषण और धोखे से शादी का मुकदमा दर्ज कराया था. महिला की शिकायत थी कि वन विभाग के दारोगा ने उससे मंदिर में शादी की. फिर 8 महीने के रिश्ते के बाद उसे अपनाने से इनकार कर दिया. इसकी शिकायत लेकर थाने पहुंची महिला की मुलाकात इंस्पेक्टर क्राइम नरेश कुमार मलिक से हुई. आरोप है कि क्राइम इंस्पेक्टर ने चार्जशीट दाखिल करने के नाम पर उसे मिलने के लिए बुलाया. फिर शारिरिक संबंध बनाने की डिमांड की. इस दौरान दोनों के बीच हुई बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. इस ऑडियो इंस्पेक्टर की आपत्तिजनक बातें सुनकर हर कोई दंग रह गया.

### थानाध्यक्ष पर भी गिरी गाज

ऑडियो वायरल होने के बाद शुरुआती कार्रवाई में स्क्कओमवीर सिंह ने दो दिन पहले ही इंस्पेक्टर क्राइम नरेश कुमार मलिक को निलंबित कर दिया था. हालांकि जांच में यह तथ्य सामने आया कि वायरल ऑडियो में थानाध्यक्ष उभांव संजय शुक्ला का नाम भी संदिग्ध रूप से जुड़ा हुआ था. मामले की गंभीरता को देखते हुए स्क्क ने आज थानाध्यक्ष संजय शुक्ला को भी सस्पेंड कर दिया है.

### उच्चाधिकारियों के दखल के बाद एक्शन

पीड़िता ने स्थानीय पुलिस की कार्यशैली से परेशान होकर आजमगढ़ रेंज के डीआईजी और बलिया एसपी से न्याय की गुहार लगाई थी. महिला ने साक्ष्यों के साथ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि उससे पैसों की डिमांड के साथ-साथ शारीरिक संबंधों के लिए भी दबाव बनाया जा रहा है.

# मक्का-ज्वार से लेकर भिंडी तक... यूपी के किसानों को कई फसलों के बीज के साथ मिलेंगी 4 लाख मिनी किट

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** कृषि विभाग खरीफ सीजन में हरी खाद के साथ उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए चार लाख मिनी किट के माध्यम से 20 हजार क्विंटल बीज का वितरण करेगा। प्रत्येक मिनीकिट में एक-एक किलो ढैंचा, मक्का व उर्द और आधा-आधा किलो ग्वार, भिंडी, लोबिया व ज्वार के बीज शामिल होंगे।

इसके अलावा किसानों को 45,000 कुंतल ढैंचा बीज का अलग से भी वितरण किया जाएगा। शुक्रवार को विधान भवन स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि किसानों की रासायनिक खाद पर निर्भरता को कम करने और हरी खाद के प्रयोग को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करने की कोशिश तेज की जाए। जिससे मृदा स्वास्थ्य और कृषि उत्पादकता में सुधार हो सके। बीज वितरण लक्ष्य को लेकर बताया गया कि खरीफ-2026 में सभी फसलों के लिए कुल 2,33,177 क्विंटल बीज का वितरण लक्ष्य रखा गया है, जो पिछले वर्ष के 1,35,951 की तुलना में अधिक है। इसमें धान (संकर व संकुल) के लिए 82,022 क्विंटल, दलहन के लिए 48,249 क्विंटल, तिलहन के लिए 43,622 क्विंटल और बाजरा के लिए 25,555 क्विंटल का लक्ष्य शामिल है। जबकि श्री अन्न (मोटे अनाज) के तहत रागी, कोदो और सावा जैसी फसलों के लिए 2,475 क्विंटल का संयुक्त लक्ष्य तय किया गया है। मंत्री ने कहा कि बीज पोर्टल खोलने की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध हो सकें। उन्होंने खाद की बिक्री की सख्ती से निगरानी के भी निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र, सचिव कृषि इंद्र विक्रम सिंह, निदेशक कृषि डा. पंकज त्रिपाठी, एमडी बीज निगम टीएम त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# अलीगढ़ में आदिल ने नाम बदलकर हिंदू विधवा को फंसाया, बंधक बनाकर 15 दिन तक किया रेप

## विरोध किया तो सड़क पर ही बेरहमी से पीटा, संचालक ने भी किया दुष्कर्म

( यंग भारत न्यूज )

यूपी के अलीगढ़ में आदिल ने पहचान छिपाकर विधवा को प्रेमजाल में फंसाया, होटल में बंधक बनाकर कई दिनों तक रेप किया, विरोध पर बेरहमी से पीटा। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में गाजियाबाद की रहने वाली एक विधवा महिला के साथ धोखे से संबंध बनाकर दुष्कर्म किए जाने का आरोप है।



महिला का कहना है कि आरोपित आदिल ने खुद को हिंदू बताकर उसे प्रेमजाल में फंसाया, शादी का झाँसा दिया और फिर होटल में बंधक बनाकर उसके साथ कई दिनों तक दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुख्य आरोपित आदिल और होटल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

### पहचान छिपाकर बनाया संबंध, होटल में बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

पीड़िता के अनुसार, करीब एक साल पहले उसकी मुलाकात अलीगढ़ के आदिल से हुई थी। उस समय महिला अपने पति की मौत के बाद अपने डेढ़ साल के बेटे के साथ अकेली रह रही थी। आरोपित ने अपना नाम बदलकर उससे दोस्ती की और धीरे-धीरे भरोसा जीत लिया। उसने शादी का वादा किया और महिला को सहारा देने की बात कही। करीब 15 दिन पहले आरोपित उसे अलीगढ़ बुलाकर गाँधी पार्क क्षेत्र के एक होटल में ले गया। महिला का आरोप है कि वहाँ उसे बंधक बनाकर रखा गया और लगातार दुष्कर्म किया गया। जब उसे पता चला कि आरोपित ने अपनी पहचान छिपाई थी, तो उसने विरोध किया। इसके बाद आरोपित ने होटल संचालक के साथ मिलकर उसके साथ और भी अत्याचार किया। महिला का यह भी आरोप है कि उसका मंगलसूत्र और करीब तीन लाख रुपए भी छीन लिए गए।

### सड़क पर पिटाई के बाद खुला मामला, पुलिस ने किया गिरफ्तार

महिला ने बताया कि गुरुवार (16 अप्रैल 2026) की शाम आरोपित किसी काम से बाहर गया, तभी वह किसी तरह होटल से भागने में सफल हुई। लेकिन आरोपित ने उसे सड़क पर पकड़ लिया और बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुँचे और उसे बचाया। लोगों ने आरोपित की पिटाई कर पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और आरोपित को हिरासत में ले लिया। महिला को जिला अस्पताल भेजा गया, जहाँ उसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए। पुलिस ने आरोपित आदिल और होटल संचालक के खिलाफ दुष्कर्म समेत कई धाराओं में स्न्रङ्क्रदर्ज कर ली है। मामले की जाँच जारी है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| पंजाब | 5 | 4 | 0 | 9 |
| बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 8 |
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 |
| गुजरात | 5 | 3 | 2 | 6 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 5 | 2 | 3 | 4 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| कोलकाता | 6 | 0 | 5 | 1 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली

228 रन

बेंगलुर

**पर्पल कैप**



प्रसिद्ध कृष्णा

11 विकेट

गुजरात

# डोसा-इडली गाने को लेकर फूटा सीएसके का गुस्सा

**बेंगलुरु स्टेडियम में पारी की शुरू होने से ठीक पहले "डोसा, इडली, सांभर, चटनी" गाना बजाये जाने का मामला**

नई दिल्ली

आईपीएल 2026 के चल रहे सीजन के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एक नया विवाद खड़ा हो गया है। चेन्नई सुपर किंग्स ने बीसीसीआई से औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। खास तौर पर, यह घटना बेंगलुरु स्टेडियम में हुई, जहाँ उनकी पारी शुरू होने से ठीक पहले "डोसा, इडली, सांभर, चटनी" गाना बजाया गया था। रिपोर्टों के अनुसार, फ्रेंचाइजी ने इस हरकत को मजाकिया और अपमानजनक माना।



### शब्दों पर पाबंदियां

भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है, जो रोजमर्रा की बातचीत में इस्तेमाल होने वाले कुछ खास शब्दों पर पूरी तरह से बैन लगाता हो। लोग आम तौर पर अपनी मर्जी से बोलने के लिए आजाद हैं, बशर्ते वे सार्वजनिक व्यवस्था, शालीनता या राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े व्यापक कानूनों का उल्लंघन न करें।

### सोशल मीडिया नियम

जहा रोजमर्रा की बातचीत काफी हद तक आजाद है, वहीं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आईटी एक्ट के तहत सख्त नियमों द्वारा नियंत्रित होते हैं। हेट स्पीच, फेक न्यूज, या राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाली सामग्री से जुड़े कंटेंट पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। जिस तरह धर्म, जाति या नस्ल के आधार पर हिंसा भड़काने वाली पोस्ट दंडनीय हैं, उसी तरह जाति-आधारित अपमान और अत्याचार भी आपराधिक अपराधों की श्रेणी में आते हैं।

### अश्लीलता और सार्वजनिक शालीनता

भारत में ऐसे कानून भी हैं, जो सार्वजनिक जगहों और मीडिया में अश्लील या यौन रूप से स्पष्ट भाषा के इस्तेमाल पर रोक लगाते हैं। जो सामग्री शालीनता के मानकों का उल्लंघन करती है, उसे हटाया जा सकता है, और उसे बनाने वालों को कानूनी नतीजों का सामना करना पड़ सकता है।

**भिंडर को सख्त चेतावनी के साथ एक लाख रुपए का आर्थिक दंड**

# फोन यूज करना आरआर के मैनेजर को पड़ा भारी, बीसीसीआई ने ठोका जुर्माना

नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स के मैनेजर रोमी भिंडर को डगआउट में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने पर सजा मिली है। बीसीसीआई ने भिंडर को सख्त चेतावनी दी है। साथ ही एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। बीसीसीआई के सचिव देवाजीत सैकिया ने बताया कि बीसीसीआई की एंटी करप्शन यूनिट एसीयू ने रोमी भिंडर से स्पष्टीकरण मांगा था कि वह फोन अपने साथ क्यों ले जा रहे थे। उन्होंने इसका स्पष्टीकरण दिया, लेकिन एसीयू पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हुई। इसलिए उन्हें सजा के तौर पर एक लाख रुपए का जुर्माना भरने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्हें चेतावनी भी दी गई है कि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न दोहराएं।



### गुवाहाटी में भिंडर डगआउट में चला रहे थे फोन

दरअसल गुवाहाटी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले के दौरान भिंडर डगआउट में फोन चलाते नजर आए थे। उस समय वैभव सूर्यवंशी उनके पास ही बैठे थे। सूर्यवंशी के पास बैठकर फोन का इस्तेमाल करते हुए भिंडर कैमरे में कैद हो गए, जिसके बाद बवाल मच गया। इसके बाद बीसीसीआई की एंटी करप्शन यूनिट ने उन्हें नोटिस भेजा और अगले 48 घंटों में जवाब देने के लिए कहा था।

### क्या है नियम

भिंडर ने डगआउट में फोन इस्तेमाल करके बीसीसीआई के 'खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों के लिए न्यूनतम मानक का उल्लंघन किया है। आईपीएल सीजन शुरू होने से पहले हर फ्रेंचाइज के साथ पीएमओए शेयर किया जाता है, जिसमें फोन के इस्तेमाल को लेकर भी नियम है। नियमों के मुताबिक पीएमओए में मोबाइल फोन और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक संचार उपकरणों का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं है।

## खबर संक्षेप

### शुभंकर ने जीता बोल्डर्स क्लासिक का खिताब



**हैदराबाद।** यूरोपीय टूर पर दो बार के विजेता शुभंकर शर्मा ने बोल्डर्स क्लासिक गोल्फ के पहले आयोजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। शुभंकर ने दिसंबर 2021 के बाद अपने पहले घरेलू टूर्नामेंट डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई सर्किट में यादगार वापसी करते हुए शुरुआती दो दौर के खेल में एक समान छह अंडर 66 के कार्ड के साथ बढ़त बना ली थी। दो बार के एशियाई टूर के विजेता ने तीसरे दिन आठ अंडर 64 के शानदार कार्ड के साथ कोर्स रिकॉर्ड कायम करते हुए अपनी बढ़त को और मजबूत किया। उन्होंने शुक्रवार को अंतिम दौर में भी अपना बढ़त बरकरार रखते हुए आसानी से चैंपियनशिप अपने नाम कर ली।

### जोबर्ग ओपनः प्रणवी ने बनाया तीन अंडर 70 का स्कोर



**जोहानिसबर्ग।** भारत की महिला गोल्फर प्रणवी उर्स ने लेडीज यूरोपियन टूर के जोबर्ग लेडीज ओपन के पहले दौर में बिना बोगी के तीन अंडर 70 का स्कोर बनाया। प्रणवी इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पांच भारतीय खिलाड़ियों में कट बनाने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में हैं। वह पार-73 वाले रैंडपार्क गोल्फ क्लब में पहले दौर के बाद संयुक्त 21वें स्थान पर हैं। त्वेसा मलिक और दीक्षा डागर ने पहले दौर में एक अंडर 72 का स्कोर बनाया और वे संयुक्त 54वें स्थान पर हैं। अवनी प्रशांत ने दो ओवर 75 का स्कोर बनाया। हिताशी बख्शी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। उन्होंने चार ओवर 77 का स्कोर बनाया और उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। फ्रांस की अगाथे लैस्ने, अमेरिका की ब्रियाना नवारोसा और फ्रांस की एरियन क्लॉट्ज ने सात अंडर 66 का स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की है।

### हैम्बर्ग स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में चोटरानी



**हैम्बर्ग।** विश्व में 47वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी वीर चोटरानी ने हैम्बर्ग ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में जर्मनी के आठवीं वरीयता प्राप्त राफेल कांद्रा को 11-8, 11-7, 11-7 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारत के अन्य खिलाड़ियों में पांचवीं वरीयता प्राप्त अभय सिंह, सातवीं वरीयता प्राप्त रमित टंडन और पूर्व महिला विश्व नंबर 10 जोशना चिनप्पा इस पीएसए कांस्य स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दौर में बाहर हो गए। अभय को इंग्लैंड के सैम टॉड से 9-11, 11-7, 4-11, 2-11 से और टंडन को हंगरी के बालाज फ़ार्कस से 10-12, 11-4, 5-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। जोशना को न्यूजीलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त जोएल किंग ने 11-9, 11-7, 9-11, 11-4 से हराया।

## गुजरात लगातार तीसरा मैच जीता, रबाडा ने 3 विकेट झटके


# गिल की 86 रन की पारी से टाइटंस ने केकेआर को पांच विकेट से हराया

अहमदाबाद

कैगिसो रबाडा (29 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (23 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान शुभमन गिल (86) की बेहतरीन पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शुक्रवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को दो गेंद शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। कैमरून ग्रीन ने लय में वापसी करते हुए 79 रनों की जुझारू पारी खेली, लेकिन केकेआर की पारी 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर 180 रन पर सिमट गई। टाइटंस ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

**कोलकाता आईपीएल सीजन में 5वां मैच हारी**

केकेआर को मौजूदा सत्र में छह मैचों के बाद भी पहली जीत का इंतजार है। टाइटंस की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है और टीम छह अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। गिल ने 50 गेंदों की पारी में आठ चौके और चार छक्के लगाने के अलावा साई सुदर्शन (22) के साथ 31 गेंदों में 57 रन और जोस बटलर (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 24 गेंदों में 38 रन की साझेदारी की। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर (13) के साथ तीसरे विकेट के लिए 46 रन जोड़े। केकेआर के लिए वरुण चक्रवर्ती ने दो विकेट लिए, जबकि वैभव अरोड़ा, सुनील नारायण और रमनदीप सिंह ने एक-एक विकेट लिया। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला ग्रीन ने शुरुआती झटकों के बाद पारी को संभाला और 55 गेंदों में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 79 रन बनाए। उन्होंने रोवमैन पॉवेल (27) के साथ चौथे विकेट के लिए 55 रन और अनुकूल रॉय (नौ) के साथ पांचवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। रबाडा और सिराज की तेज गेंदबाजी जोड़ी (29 रन पर तीन विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (32 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में अच्छा साथ दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल ने अरोड़ा और कार्तिक त्यागी के खिलाफ आकर्षक चौकों से अपनी पारी का आगाज किया। उन्होंने तीसरे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए अनुकूल रॉय के खिलाफ तीन छक्के लगाकर अपने इरादे जाहिर किए।




### कोलकाता-180/10(20)

| खिलाड़ी | रन |
| --- | --- |
| सीफर्ट का फिलिप्स बो रबाडा | 19 |
| रहाणे का रबाडा बो सिराज | 00 |
| रघुवंशी का बटलर बो रबाडा | 08 |
| ग्रीन का बटलर बो राशिद | 79 |
| पॉवेल का सिराज बो अशोक | 27 |
| रॉय का बटलर बो प्रसिद्ध | 09 |
| रिंकू सिंह का बटलर बो रबाडा | 01 |
| रमनदीप का सिराज बो अशोक | 17 |
| सुनील का फिलिप्स बो सिराज | 00 |
| कार्तिक त्यागी रन आउट | 06 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 00 |

अतिरिक्तः 14

कुल योगः 20 ओवर में सभी आउट 180 रन

विकेट पतनः 1-5, 2-21, 3-32, 4-87, 5-147, 6-148, 7-165, 8-166, 9-173

गेंदबाजीः सिराज 4-0-23-2, रबाडा 4-0-29-3, प्रसिद्ध 4-0-32-1, अशोक 4-0-45-2, राशिद 4-0-44-1

### शुभमन बने मैन आफ द मैच

### गुजरात-181/5 (19.4)

| खिलाड़ी | रन |
| --- | --- |
| सुदर्शन का त्यागी बो नारायण | 22 |
| शुभमन गिल का ग्रीन बो अरोड़ा | 86 |
| जोस बटलर का ग्रीन बो चक्रवर्ती | 25 |
| सुंदर का त्यागी बो चक्रवर्ती | 13 |
| फिलिप्स का रिंकू बो रमनदीप | 19 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 07 |
| एम शाहरुख खान नाबद | 03 |

अतिरिक्तः 16

कुल योगः19.4 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन

विकेट पतनः 1-57, 2-95, 3-141, 5-177

गेंदबाजीः अरोड़ा 4-0-35-1, त्यागी 4-0-40-0, अनुकूल 3-0-37-0, नारायण 4-0-28-1, चक्रवर्ती 4-0-34-2, रमनदीप 0.4-0-5-1


**आईपीएल**

## जीत की लय में रॉयल चैलेंजर्स दिल्ली के लिए फिर कड़ी चुनौती

- आज दोपहर 3.30 बजे से रजत और अक्षर की टीमों में मुकाबला

बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम आईपीएल के मौजूदा सत्र में एक ऐसी टीम है, जिसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मैच में भी अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी। आरसीबी की टीम में अभी तक सारा ध्यान विराट कोहली पर केंद्रित रहा है और इस दिग्गज बल्लेबाज ने भी अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया है। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए हैं और ऑरेंज कैप उनके पास है। लेकिन कोहली भी यह स्वीकार करेंगे कि आरसीबी की बल्लेबाजी अब पूरी तरह से उन पर निर्भर नहीं है। इसके विपरीत दिल्ली के बल्लेबाज अभी तक जूझते रहे हैं और वह सामूहिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। दिल्ली के लिए यह मुकाबला जीतना कड़ी चुनौती होगा।



## सीएसके के खिलाफ नए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी सनराइजर्स

हैदराबाद

प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे होनहार तेज गेंदबाजों को मैदान में उतारने के बाद संतुलित नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले आईपीएल के मैच में नए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी। इन दोनों युवा गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिली है। इससे उस टीम को बेहतर संतुलन मिला है, जो अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर थी। हिंगे और हुसैन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखकर सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर और दबाव बनाने की कोशिश करेंगे, जो इस सत्र में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं।

- आज रात 7.30 बजे से ईशान और रुतुराज की टीमों में भिड़ंत

**यूरोपा लीग**

## सेमीफाइनल में एस्टन विला, अब नॉटिंघम फॉरेस्ट से मुकाबला



बर्मिंघम

ओली वाटकिंस ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे एस्टन विला ने बोलोग्ना को 4-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका मुकाबला नॉटिंघम फॉरेस्ट से होगा।

एस्टन विला ने इस तरह से 7-1 के कुल स्कोर से जीत हासिल करते हुए तीन सत्र में दूसरी बार यूरोपीय प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वाटकिंस ने पिछले सप्ताह इटली में एस्टन विला की क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में 3-1 की जीत में दो गोल किए थे। उन्होंने दूसरे चरण में 16वें मिनट में गोल किया जो इस क्लब की तरफ से उनका 100वां गोल था। एस्टन विला की तरफ से एमिलियानो बुएंडिया, मॉर्गन रोजर्स और एजरी कोंसा ने भी गोल किए। एक अन्य मैच में फॉरेस्ट ने पोर्टो को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पिछले हफ्ते पुर्तगाल में हुए दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर रही थी। इस तरह से फॉरेस्ट ने कुल मिलाकर 2-1 से जीत दर्ज की।

### सेल्टा विगो को हराकर फ्रीबर्ग सेमीफाइनल में



फ्रीबर्ग ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मनी की टीम ने पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 की जीत के बाद 6-1 के कुल स्कोर के साथ पहली बार किसी यूरोपीय प्रतियोगिता के अंतिम चार में जगह बनाई। फ्रीबर्ग का अगला मुकाबला ब्रागा से होगा, जिसने पहले चरण में 1-1 से बराबरी के बाद कुल 4-2 के अंतर से जीत हासिल की।

## हार से बौखलाए हार्दिक ने कहा, अब कड़े फैसले लेने का समय आ गया

मुंबई

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी हार के बाद अपनी बात खुलकर रखते हुए कहा कि अब कुछ कड़े फैसले लेने का समय आ गया है और उनके खिलाड़ियों को टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेनी होगी।

पंड्या ने कहा, ' ईमानदारी से कहूं तो मेरे पास कहने के लिए अधिक कुछ नहीं है। हमें बैठकर विचार करने की जरूरत है कि हम कहां पिछड़ रहे हैं। चाहे वह व्यक्तिगत खिलाड़ी हों, टीम हो, या हमारी रणनीति और काम करने का तरीका हो। इसे फिर से ठीक करना होगा।' इस तरह से पंड्या ने अप्रत्यक्ष रूप से सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन की तरफ इशारा किया। उन्होंने कहा, ' अब हमें यह देखना होगा कि क्या हमें कुछ कड़े फैसले लेने की जरूरत है या फिर हमें इसी तरह आगे बढ़ते हुए हालात को पलटने की कोशिश करनी चाहिए। हमें अपनी जिम्मेदारी खुद लेनी होगी।'



## पहली महिला टी20 चैलेंज ट्रॉफी का शेड्यूल जारी, कल से टूर्नामेंट

नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पहली महिला टी20 चैलेंज ट्रॉफी का शेड्यूल जारी कर दिया है। यह टूर्नामेंट 19 अप्रैल से 2 मई तक रवांडा में खेला जाएगा। मैचों का आयोजन किगाली शहर के गहांगा क्रिकेट स्टेडियम के आस-पास के दो ग्राउंड में होगा।

शेड्यूल के मुताबिक, पांच टीमों के इस टूर्नामेंट के पहले दिन इटली का मुकाबला मेजबान रवांडा से होगा, जबकि नेपाल का मुकाबला यूएसए से होगा। वानुअतु को पहले दिन बाई मिली है, जिसके बाद 19 अप्रैल को उसका मुकाबला रवांडा से होगा। यह टूर्नामेंट आईसीसी की ओर से शुरू किया गया एक नया इवेंट है, जिसे एसोसिएट मेंबर टीमों को ज्यादा मौका देने के लिए शुरू किया गया है। यह इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी में शामिल हो गया है, जिसका पहला संस्करण पिछले नवंबर में हुआ था, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मौके बढ़ाने की कोशिशों का हिस्सा है। डबल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में खेला जाने वाला यह टूर्नामेंट 2 मई तक चलेगा और इसका मकसद लगातार, हाई-क्वालिटी मैच का अनुभव देना है। यह पहल आईसीसी की दुनिया भर में महिला क्रिकेट को मजबूत करने और नई टीमों को मजबूत टीमों के खिलाफ मुकाबला करने के लिए तैयार करने की बड़ी कोशिश का हिस्सा है।




## ट्रेनिंग के दौरान त्रिसा जॉली हुई चोटिल

# भारत को झटका, उबेर कप फाइनल्स से हटी त्रिसा-गायत्री

नई दिल्ली

भारत की त्रिसा जॉली की टखने की चोट के कारण उनकी और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने आगामी उबेर कप फाइनल्स से हटने का फैसला किया। इससे डेनमार्क में भारत के अभियान को करारा झटका लगा। भारत 24 अप्रैल से 3 मई तक डेनमार्क के होर्सेन्स में होने वाले थॉमस और उबेर कप फाइनल्स में हिस्सा लेगा। भारतीय युगल कोच बी सुमित रेड्डी ने कहा, 'दुखद है कि बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के लिए रवाना होने से महज दो तीन दिन पहले त्रिसा का टखना मुड़ गया।

ट्रेनिंग के दौरान यह दुर्घटना हुई जब उनका पैर उनकी जोड़ीदार के पैर पर पड़ गया।' उन्होंने कहा, 'वह अभी आराम कर रही हैं और 'रिहैबिलिटेशन' करेंगी। यह बड़ी चोट नहीं है, चार हफ्तों में यह ठीक हो जाना चाहिए। वह मई के अंत में होने वाले सिंगापुर ओपन में वापसी की कोशिश करेंगी।'



### सात्विक और चिराग डेनमार्क के लिए रवाना

वहीं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी थॉमस कप फाइनल्स की तैयारी के लिए पहले ही डेनमार्क के लिए रवाना होंगे। सुमित ने कहा, 'वे टूर्नामेंट से कुछ दिन पहले डेनमार्क में ट्रेनिंग करना चाहते हैं। विश्व रैंकिंग पर चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी ने भी मार्च में स्विस ओपन क्वार्टरफाइनल से हटने का फैसला किया था। ऐसा सात्विक की कंधे की चोट के कारण हुआ था। इस जोड़ी ने इस हफ्ते के शुरू में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भी हिस्सा नहीं लिया था। भारतीय पुरुष और महिला टीम ग्रुप ए में शामिल है।

### स्विस ओपन से भी हटी थी भारतीय जोड़ी

त्रिसा के कंधे की वजह से पिछले महीने भी यह भारतीय जोड़ी स्विस ओपन से हट गई थी। बासेल में पहले दौर के शुरूआती गेम में यह जोड़ी चीनी ताइपे की हु लिंग फांग और झेंग यु चिएह की जोड़ी से पिछड़ रही थी, जिसके बाद उन्हें रिटायर होना पड़ा। सुमित ने कहा, 'युगल में इस तरह की मामूली चोट होती रहती हैं। उसे (त्रिसा) को पहले कंधे की समस्या हुई थी लेकिन अब यह ठीक है।' भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने उनकी जगह अब श्रुति मिश्रा और प्रिया कोंजेंगबाम को चुना है, जिनकी विश्व रैंकिंग 48 है। यह जोड़ी उस भारतीय टीम का हिस्सा थी, जिसने 2024 में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।



# यश ने रावण के कॉस्ट्यूम को बताया बहुत भारी

मुंबई। सिनेमाकॉन फेस्टिवल में शामिल हुए यश ने मीडिया से बातचीत में अपने रावण के कॉस्ट्यूम के बारे में खुलकर बात की। टीम ने काले और सुनहरे रंग के रावण के कॉस्ट्यूम को प्रदर्शनी के लिए रखा था। इसमें एक बड़ा सुनहरा मुकुट, बॉडी आर्मर, शोल्डर पैड और आर्म कफ शामिल था। यश ने बताया कि 'मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं किया। इस तरह के कॉस्ट्यूम और मुकुट पहनना, सच कहूं तो, काफी भारी था। हम इस बात को लेकर बहुत उत्सुक थे कि यह कैसा दिखेगा। असली जैसा लुक पाने की कोशिश में, यह आखिर में बहुत भारी हो गया। मुझे (शूट के) बीच-बीच में इसे उतारना पड़ता था। हालांकि यह बहुत शानदार था।' उन्होंने आगे कहा, 'एक बार जब आप कॉस्ट्यूम पहन लेते हैं, तो आप किरदार को महसूस करने लगते हैं। मेरे साथ हमेशा ऐसा ही होता है।

लाइफ Style

# पत्रलेखा

## बढ़े वजन पर कमेंट करने वालों को लताड़ा




एक्ट्रेस पत्रलेखा इस वक्त बुरी तरह भड़की हुई हैं। उन्होंने पपाराजी और पैप पेजेस को तगड़ी फटकार लगाई है, जिन्होंने हाल ही उन्हें बॉडी शेम किया और अजीबो-गरीब कमेंट्स किए। पत्रलेखा ने नवबंर 2025 में एक बेटी को जन्म दिया और उसके पांच महीने बाद वह हाल ही पति राजकुमार राव की फिल्म 'टोस्टर' की स्क्रीनिंग में नजर आईं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

पत्रलेखा के बढ़े वजन और बॉडी पर कुछ पेप पेजेस ने अजीब कमेंट्स किए, जिन पर एक्ट्रेस बिफर गईं और कहा कि उन्होंने अभी-अभी बच्चा पैदा किया है। कई नेटिजंस ने भी एक्ट्रेस को बॉडी शेम किया। पत्रलेखा ने पपाराजी को लताड़ते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट लिखा। साथ ही लोगों से अपील की कि वो थोड़ी सहानुभूति दिखाएं। उन्होंने लिखा, 'पैप पेजेस! मुझे क्या हो गया है? बात ये है कि मैंने अभी-अभी बच्चा पैदा किया है। हां, मेरा वजन बढ़ गया है, जो आप सबको अजीब लग रहा होगा। मैंने कोई पहाड़ नहीं खाया है। मैंने एक बच्चे को जन्म दिया है और साथ ही दो फिल्में प्रोड्यूस की हैं, जो आसान काम नहीं है।' मैंने अभी-अभी बच्चा पैदा किया है। मेरा वजन बढ़ गया है, जो आप सबको अजीब लग रहा होगा। मैंने कोई पहाड़ नहीं खाया है। मैंने एक बच्चे को जन्म दिया है और साथ ही दो फिल्में प्रोड्यूस की हैं, जो आसान काम नहीं है। पत्रलेखा ने आगे लिखा, 'अगर मेरे बस में होता, तो मैं ऐसी नहीं होती। लेकिन प्रेग्नेंसी के कारण मेरी बॉडी ने ऐसे ही रिएक्ट किया है। भगवान के लिए प्लीज थोड़ा दयालु होना सीखें।' पत्रलेखा के कॅरियर की बात करें, तो वह साल 2025 में फिल्म 'फुले' में नजर आई थीं, जिसमें उनकी एक्टिंग को खूब सराहा गया था। पत्रलेखा ने 9 जुलाई 2025 को प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था और शादी की चौथी सालगिरह पर वह बेटी की मां बनीं।

हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रीट फाइटर से धमाकेदार हॉलीवुड डेब्यू

लॉस एंजिल्स। बॉलीवुड के एक्शन स्टार विद्युत जामवाल धमाकेदार हॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। उनकी फिल्म स्ट्रीट फाइटर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें वह नोआ सेंटिनियो, जेसन मोमोआ और एंड्रयू कोजी जैसे सुपरस्टार्स के साथ एक्शन करते नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने करीब 3 मिनट का जो ट्रेलर जारी किया है, उसमें भरदम लड़ाई और बॉक्सिंग रिंग से लेकर जिंदगी की जंग नजर आ रही है। यह फिल्म इसी साल 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कहना होगा कि विद्युत जामवाल का लुक खतरनाक दिख रहा है। उनकी टोन्ड बॉडी और बाल्ड लुक पर फैंस अभी से दिल हार रहे हैं। डायरेक्टर कितओ सकुराई की यह फिल्म बेहद पॉपुलर वीडियो गेम 'स्ट्रीट फाइटर' पर आधारित है।



# स्टीवन ने की क्रिस्टोफर की जमकर तारीफ

लॉस एंजिल्स। 'इंटरस्टेलर' काफी पॉपुलर फिल्म है और दर्शकों द्वारा इस इसे काफी सराहा गया था। अब हॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर स्टीवन स्पीलबर्ग ने हाल ही में फिल्म 'इंटरस्टेलर' को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने क्रिस्टोफर नोलन की तारीफ की और कहा कि फिल्म उनके हाथों में आने के बाद 'काफी बेहतर' बन गई। एक इंटरव्यू में स्टीवन स्पीलबर्ग ने बताया कि फिल्म के शुरुआती दौर में वह करीब एक साल तक इस प्रोजेक्ट से जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा, 'मैं 'इंटरस्टेलर' के साथ एक सल तक जुड़ा रहा। मुझे यह बहुत दिलचस्प लगा। मैं जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी भी गया, जहां मैंने वैज्ञानिकों और एयरोस्पेस इंजीनियर्स से लंबी बातचीत की।' उन्होंने आगे बताया कि जोनाथन नोलन ने फिल्म की शुरुआती स्क्रिप्ट पर काम किया था, लेकिन उनके निर्देशन में यह प्रोजेक्ट पूरी तरह बन नहीं पाया। स्टीवन स्पीलबर्ग ने एक दिलचस्प किस्सा भी शेयर किया। उन्होंने बताया कि जोनाथन नोलन ने उनसे कहा था, 'अगर आप यह फिल्न नहीं बनाएंगे, तो मैं जानता हूं कौन इसे बनाएगा- मेरा भाई क्रिस्टोफर नोलन।' स्टीवन ने आगे कहा, 'जैसे ही मैंने यह फिल्म न बनाने का फैसला किया, क्रिस्टोफर नोलन ने तुरंत इसे संभाल लिया।'



# किंग ऑफ पॉप को दिया अपने स्टाइल का श्रेय

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने शुक्रवार को माइकल जैक्सन को श्रद्धांजलि देते हुए एक खास डांस वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। इस वीडियो में टाइगर किंग ऑफ पॉप माइकल जैक्सन के डांस स्टेप्स को करते नजर आ रहे हैं। यहां तक कि टाइगर ने उनके स्टाइल के कपड़े और हैट पहनी हुई है। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने पॉप गायक माइकल जैक्सन को याद करते हुए उनके मशहूर गाने 'बिली जीन' पर डांस किया। उन्होंने इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि माइकल जैक्सन ने उन्हें डांस की हर वह चीज सिखाई है, जो वे आज जानते हैं। इस वीडियो में टाइगर मूनवॉक और लेग शफल जैसे माइकल के प्रसिद्ध डांस स्टेप्स करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ टाइगर ने कैप्शन में लिखा, 'उन्होंने मुझे मूवमेंट के बारे में, स्टेज पर प्रेजेंस के बारे में और स्टेज को पूरा देने का मतलब क्या है।




# रामायण के बाद सिनेमाघरों में दस्तक देगी लव एंड वॉर

मुंबई। आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल की अदाकारी वाली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज डेट सामने आ गई है। यह फिल्म 'रामायण' के बाद रिलीज होगी। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट की है। इसमें रणबीर कपूर के साथ आलिया भट्ट, विक्की कौशल और संजय लीला भंसाली नजर आ रहे हैं। पोस्टर पर लिखा है 'संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' 21 जनवरी 2027 को रिलीज होगी।' फैंस कयास लग रहे थे कि फिल्म 'लव एंड वॉर', 'रामायण' से पहले रिलीज हो सकती है। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। रणबीर कपूर की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' इस साल दिवाली से पहले अक्टूबर के आखिर में रिलीज हो सकती है। यह जानकारी फिल्म में रावण का किरदार निभा रहे यश ने दी है। इस साल दिवाली 6 नवंबर को है।

टीवी मसाला



# क्योंकि सास भी कभी बहू थी ने निकाला अनुपमा का दम

नई दिल्ली। बीएआरसी की 14वें हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट आ गई है और पता चल गया है कि इस हफ्ते किसी टीवी शो का डंका बजा, किसने राज किया और टॉप-5 से किसका पत्ता कटा। इस हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। जहां कुछ शोज की टीआरपी बढ़ गई, वहीं कुछ की व्यूअरशिप नीचे फिसल गई। चौंकाने वाली बात यह है कि रुपाली गांगुली का 'अनुपमा' इस 14वें हफ्ते में टॉप-3 से भी बाहर हो गया है। वहीं, पहले नंबर पर एक बार फिर 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का राज है, जबकि हाल ही बरखा बिष्ट ने यह शो छोड़ दिया। इस हफ्ते पहले नंबर पर 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' है। दर्शकों को मिहिर और नोइना की शादी का ट्रैक काफी पसंद आया। इसकी टीआरपी रेटिंग 2.0 है। दूसरे नंबर पर वसुधा है, जिसकी रेटिंग 1.9 है। यह टीवी शो तेलुगू टीवी सीरीज मुद्दा मान्दाराम का हिंदी रीमेक है और दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। इसमें अभिषेक शर्मा और प्रिया ठाकुर लीड रोल में हैं। वसुधा साल 2024 में शुरू हुआ था। तीसरे नंबर पर रवि दुबे और सरगुन मेहता का टीवी शो 'गंगा माई की बेटियां' हैं, जिसे दर्शक खूब प्यार दे रहे हैं। इस हफ्ते इसके टीआरपी रेटिंग 1.8 है। इसमें अमनदीप संधु, शीजान खान, सृष्टि जैन और शुभांगी लाटकर लीड रोल में हैं। यह टीवी शो साल 2025 में शुरू हुआ था। सबसे तगड़ा झटका रुपाली गांगुली के 'अनुपमा' को लगा है, जो फिसलकर चौथे नंबर पर आ गया है। यह काफी चौंकाने वाला भी है।

## मैं अपनी मर्जी से कन्वर्ट हुई : चाहत

नई दिल्ली। चाहत खन्ना ने इस्लाम धर्म को कुबूल करने पर एक बार फिर से अपनी बात रखी है। उन्होंने ये भी कहा कि अक्सर उनकी बातों को गलत तरीके से पेश किया जाता है। बड़े अच्छे लगते हैं' फेन चाहत ने अपनी शादी से पहले इस्लाम धर्म अपनाने के अपने फैसले से लेकर इसके बाद पैदा हुई गलतफहमियों पर बातें कीं। उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि इस्लाम धर्म अपनाने का फैसला उनका अपना था। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि ये उनका पर्सनल डिसिजन था। बता दें कि चाहत ने फरहान मिर्जा से शादी से पहले इस्लाम धर्म अपनाया था और फिर बाद में वो हिंदू धर्म में वापस लौट आईं। अपनी इस लेटेस्ट बातचीत में उन्होंने कहा कि उनकी बातों को अक्सर गलत संदर्भ में लिया जाता है, जिससे गलत खबरें फैलती हैं। चाहत खन्ना ने कहा, 'मैं सेक्युलर पर्सन हूं। मैं ईद और दिवाली दोनों ही सेलिब्रेट करती हूं। चाहे वो शादी के दौरान हो या बाद में, हां मैंने अपनी मर्जी से इस्लाम धर्म अपनाया था। कई लोगों ने कहा कि मुझे धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया था, लेकिन मैंने ये बातें कभी कही ही नहीं।' खन्ना ने कहा कि वो हर धर्म में यकीन करती हैं।



# डायरेक्टर ने मुझे देखा और चिल्लाकर कहा- दफा हो जाओ

मुंबई। बेटे जुनैद खान की फिल्म के प्रमोशन के लिए आमिर खान ने कमान हाथ में ले ली है। इसके लिए उन्होंने खुद अपने उस 'एक दिन' का किस्सा सुनाया है, जिसने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव किया। उन्होंने आमिर खान प्रोडक्शंस के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें वे कह रहे हैं, 'कभी कभी एक दिन काफी होता है, आपकी जिंदगी बदलने के लिए। यह उस वक्त की बात है जब मैं कॉलेज में था और प्ले में हिस्सा ले रहा था। प्ले की रिहर्सल दो-तीन महीने चली। इंटरकॉलेज कॉम्पिटिशन से तीन या चार दिन पहले एक रिहर्सल थी और मैं जा नहीं पाया। किसी पॉलिटिकल पार्टी ने महाराष्ट्र बंद का ऐलान किया हुआ था। अम्मी ने मुझे घर से निकलने नहीं दिया। अगले दिन जब मैं रिहर्सल पर पहुंचा तो डायरेक्टर ने मुझे देखकर गुस्से में कहा, 'गेट आउट'।

### उस एक दिन ने मेरी जिंदगी बदल दी



मुझे जब प्ले से निकाला गया, तो जहां रिहर्सल चल रही थी, उसके सामने एक लॉन था। मैं वहां जाकर बैठ गया। बहुत अपसेट था। थोड़ी देर बाद मेरा दोस्त निरंजन थाणे आया। वह एफटीआईआई में स्टूडेंट था। उसके साथ कोई और भी था। थाणे ने मेरे से कहा कि यह मेरा दोस्त बंसल है। यह अपनी डिप्लोमा फिल्म बना रहा है, क्या तुम फ्री हो? उसमें एक्टिंग करनी है। मैंने कहा कि मैं अभी फ्री हुआ हूं। उसने कहा कि अभी के अभी पुणे जाना होगा, कल से शूटिंग है। मैं घर गया पैकिंग की और पुणे चला गया। उस फिल्म के बाद एक और स्टूडेंट था राजीव सिंह, जिसने मुझे अपनी डिप्लोमा फिल्म में लिया। केतन मेहता ने दूसरी फिल्म देखी और वो 'होली' बना रहे थे। होली में लिया। 'होली' फिल्म देखकर मंसूर और नासिर साहब को लगा कि इसमें बात है इसे 'कयामत से कयामत' में लिया जाए। उस एक दिन जब मुझे प्ले से निकाला गया, उस एक दिन ने मेरी जिंदगी बदल दी।

# हॉरर-कॉमेडी ने हंसाया-डराया, सोचने पर भी किया मजबूर

नई दिल्ली। सिनेमाघरों में अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म का क्लाइमैक्स दर्शकों को चौंकाता है, बहुत कुछ सोचने पर मजबूर करता है। बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जो हॉरर-कॉमेडी के जरिए दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं। इन फिल्मों में कोई ना कोई खास संदेश छिपा होता है।

## स्त्री ने उठाए कई सवाल

साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'स्त्री' ने दर्शकों को खूब हंसाया और डराया भी। साथ ही इस फिल्म ने समाज की दकियानूसी सोच से पर्दा भी उठाया। रूढ़ीवादी समाज प्रेम करने वाली एक स्त्री के साथ बुरा व्यवहार करता है, उससे उसका प्रेमी छीन लेता है। बाद में वह चूड़ैल बनकर सबसे बदला लेती। आखिर में फिल्म महिलाओं को सम्मान देने की बात करती है। इसी तरह 'स्त्री 2' में विलेन यानी सिरकटा की सोच आधुनिक लड़कियों के लिए रूढ़ीवादी किस्म की है। वह आधुनिक सोच वाली लड़कियों को अपना शिकार बनता है। इस फिल्म में सिरकटा, समाज की उस सोच का प्रतीक है।



## भेड़िया की कहानी में छिपा मार्मिक संदेश

वरुण धवन और कृति सेनन स्टारर हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भेड़िया' भी बढ़िया थी। इसने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। लेकिन यह फिल्म भी इंसान द्वारा पर्यावरण के शोषण की कहानी कहती है। फिल्म यही संदेश देती है कि हमें पर्यावरण के साथ संतुलन बिठाकर ही विकास करना चाहिए। जितना हक इस धरती पर हमारा है, उतना ही हक बाकी जीवों का भी है। यह फिल्म 2022 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने अच्छा कलेक्शन किया था।

## भूल भुलैया ने शुरू की नई बहस

अक्षय कुमार अभिनीत भूल भुलैया साल 2007 में आई थी। इस फिल्म में विद्या बालन, शाइनी आहुजा, परेश रावल, राजपाल यादव जैसे कलाकार थे। फिल्म पहले एक हॉरर-कॉमेडी लगती है। लेकिन, क्लाइमैक्स में यह एक साइकोलॉजिकल फिल्म बन जाती है। इस फिल्म में मेंटल हेल्थ, ट्रॉमा जैसे मुद्दों पर बात की गई है। इस फिल्म ने बताने की कोशिश की थी कि भूत-प्रेत का साया सच में नहीं होता है।

## थिएटर जाने का मन नहीं है तो घर बैठे भी होगा भरपूर मनोरंजन

# ओटीटी पर इस वीकएंड रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


वीकएंड आ गया है। सिनेमाघरों में 'भूत बंगला' सज गई है। लंबे अंतराल के बाद कोई ऐसी एंटरटेनिंग फिल्म लगी है, जिसे परिवार के साथ देखने की योजना बनाई जा सकती है। क्रिटिक्स से इसे मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है। मगर, इस वीकएंड अगर थिएटर जाने का मन नहीं है, तो घर बैठे भी भरपूर मनोरंजन होगा।

### टोस्टर

राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा अभिनीत फिल्म टोस्टर इस वीक ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। इसे आप वीकएंड पर देख सकते हैं। यह एक डॉर्क कॉमेडी फिल्म है। राजकुमार और पत्रलेखा द्वारा निर्मित टोस्टर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर बीते 15 अप्रैल को रिलीज हुई।

### रूममेट्स

यह हॉलीवुड फिल्म है। इसमें दोस्ती के रिश्ते को दिखाया गया है। इसमें सैडी सैंडलर और क्लो ईस्ट मुख्य भूमिका में हैं। यह कॉमेडी फिल्म है, जो शुक्रवार से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।



### मार्गो गॉट मनी ट्रबल

यह सीरीज 20 साल की कॉलेज ड्रॉपआउट लड़की की कहानी पर बेस्ड है। इसमें लीड रोल एले फैनिंग ने अदा किया है, जो अपने नवजात बच्चे का पालन-पोषण करने के लिए कुश्ती का सहारा लेती है। रूफी थॉर्प के उपन्यास पर आधारित इस सीरीज में निकोल किडमैन और निक ऑफरमैन भी हैं। यह 15 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

**अल्फा मेल्स सीजन 5 और यूफोरिया सीजन 3:** इस वीक की ओटीटी लिस्ट में हॉलीवुड सीरीज 'अल्फा मेल्स' का पांचवां सीजन भी शामिल है। यह सीरीज 17 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध हो गई है। इसके अलावा वेब सीरीज यूफोरिया सीजन 3 भी इस वीक रिलीज को तैयार है। तस्करी पर बेस्ड यह सीरीज को आप 19 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे।

### दो दीवाने शहर में

सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की यह फिल्म थिएटर्स के बाद अब ओटीटी पर भी आ गई है। फिल्म में इला अरुण, जॉय सेनगुप्ता और आयशा रजा मिश्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन रवि उद्यावर ने किया है। यह फिल्म शुक्रवार 17 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### उस्ताद भगत सिंह

पवन कल्याण अभिनीत फिल्म उस्ताद भगत सिंह भी ओटीटी पर आ चुकी है। सिनेमाघरों में यह फिल्म धुरंधर 2 के साथ 19 मार्च को रिलीज हुई थी। मगर, बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। इसमें श्रीलीला और राशि खन्ना भी अहम किरदार में हैं। फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' 16 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### 'मटका किंग'

मटका किंग निर्देशक नागराज मंजुले की आगामी वेब सीरीज 'मटका किंग' काफी चर्चा में है। इसमें एक्टर विजय वर्मा लीड रोल में हैं। सीरीज में एक कपास व्यापारी के मटका किंग बनने के सफर को दिखाया गया है। मटका किंग से यहां आशय जुआ सरगना बनने से है। सीरीज में कृतिका कामरा, साईं ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे सितारे भी हैं। यह सीरीज शुक्रवार 17 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है।

### अस्सी

तापसी पन्नू और कनी कुश्रुति अभिनीत फिल्म अस्सी इस साल फरवरी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अगर आपने इसे थिएटर में नहीं देखा, तो अब ओटीटी पर देखने का सुनहरा मौका आ गया है। फिल्म का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया। इसकी कहानी को दर्शकों की खूब तारीफ मिली।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव के 34वें वार्षिकोत्सव पर भगवान परशुराम के भव्य चित्र का अनावरण एवं पूजन हुआ

( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह महासमिति एवं युवा ब्राह्मण महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के 34वें वार्षिकोत्सव पर आज रानीमहल स्थित गोपीनाथ जी के मंदिर में भगवान परशुराम के भव्य चित्र का अनावरण एवं पूजन महन्त मार्तण्डय स्वामी के मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजन अर्चन कर महासंघ के अध्यक्ष एवं मुख्य संयोजक रवीश त्रिपाठी व जिला धर्माचार्य महन्त विष्णु दत्त स्वामी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य व पूर्व विधायक बृजेंद्र व्यास ने किया। भगवान परशुराम जी के चित्र का अनावरण के पश्चात् महाआरती की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम हमारे आदर्श हैं उन्होंने समाज के लिये बहुत बड़ा त्याग दिया है। हमें उनके त्याग, तपस्या एवं आदर्शों से प्रेरणा लेनी



चाहिए। इस अवसर पर कालीचरण जारोलिया,विनोद समाधिया,श्री प्रकाश नायक, राजेश तिवारी, चिन्तामणि दुबे, राधे चौबे, मुकेश शर्मा, राजकुमार शास्त्री, रजत त्रिपाठी, रामसेवक शर्मा,अरुण पचौरी, अंजनेश दुबे,अनिल रिछारिया, अखिलेश तिवारी, विवेक गोस्वामी, संगम शर्मा, विधेय उपाध्याय, कमलेश मिश्रा, जगदीश महाराज, चन्द्रप्रकाश मिश्रा आदि ने भगवान परशुराम जी के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किये। संचालन संजीव शर्मा ने किया। अन्त में आभार महासंघ के अध्यक्ष रवीश त्रिपाठी ने व्यक्त किया।

# जिला विद्यालय निरीक्षक ने खैर इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर शैक्षिक गतिविधियों की ली जानकारी

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती रति वर्मा ने खैर इंटर कॉलेज का आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षिक गतिविधियों का निरीक्षण किया तथा पठन-पाठन पर जोर दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अध्यापकों की एक बैठक कर कहा कि छात्र छात्राओं के प्रवेश पर जोर दें तथा विद्यालय में समय के अनुसार उपस्थिति दर्ज कराएं। इसके लिए समय अनुसार संगीतमय प्रार्थना का आयोजन करें तथा बच्चों को विद्यालय की ड्रेस में ही अनिवार्य रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित करें ,तथा अध्यापक अपनी समय से उपस्थिति सुनिश्चित करें ।उन्होंने विद्यालय में सुसज्जित आधुनिक डिजिटल लाईब्रेरी कंप्यूटर रूम के सौंदर्यीकरण का निरीक्षण किया तथा अध्यापकों की उपस्थिति समयानुकूल कराए जाने के साथ छात्र-छात्राओं की उपस्थिति का भी जायजा लिया ।उन्होंने प्रधानाचार्य धन प्रकाश तिवारी से समय से शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ाये जाने एवं विद्यालय चलो अभियान के तहत छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों को प्रेरित करने की बात कही। इस दौरान विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष पं देवेश पालीवाल ,प्रबंधक मनोहर राव नेवालकर सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।



# झांसी-ललितपुर में गेहूं खरीद व्यवस्था पर सांसद अनुराग शर्मा सख्त, बारदाना कमी पर जताई नाराज़गी

## किसानों की परेशानी पर सांसद का एक्शन, दोनों जिलाधिकारियों को लिखा पत्र

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** झांसी-ललितपुर के माननीय सांसद अनुराग शर्मा ने जनपद झांसी एवं ललितपुर में गेहूं खरीद व्यवस्था में आ रही गंभीर समस्याओं को लेकर दोनों जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर तत्काल प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

सांसद श्री अनुराग शर्मा ने अपने पत्र में अवगत कराया कि दोनों जनपदों के विभिन्न क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद व्यवस्था अत्यंत अव्यवस्थित हो गई है। विशेष रूप से बारदाना (बोरी) की कमी के कारण पिछले कई दिनों से खरीद कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक एवं सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी उपज लेकर कई-कई दिनों तक मंडियों में इंतजार करना पड़ रहा है, वहीं ट्रैक्टर-ट्रॉली का किराया जो लगभग ?1500 प्रतिदिन है तथा भोजन आदि का अतिरिक्त खर्च किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रहा है। अधिकारियों द्वारा बारदाना उपलब्ध कराने के आश्वासन के बावजूद जमीनी स्तर पर व्यवस्था नहीं हो पा रही है, कई स्थानों पर कांटे बंद पड़े हैं और क्रय केंद्रों पर समुचित प्रबंधन का अभाव भी स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। सांसद श्री शर्मा ने इस स्थिति को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए कहा कि यह किसानों के हितों के विपरीत है और इसे तत्काल सुधारना आवश्यक है। उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा की है कि दोनों जनपदों के सभी क्रय केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाना तत्काल उपलब्ध कराया जाए, लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा गेहूं खरीद प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाए। साथ ही उन्होंने मंडियों में किसानों के लिए पेयजल, छाया और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु एक नोडल अधिकारी नियुक्त कर उसकी जानकारी सार्वजनिक करने की भी मांग की है। अंत में सांसद श्री अनुराग शर्मा ने दोनों जिलाधिकारियों से आग्रह किया है कि इस महत्वपूर्ण विषय पर शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए उन्हें अवगत कराया जाए, जिससे किसानों को शीघ्र राहत मिल सके।

# किसान के खेत पर लगी आग गेहूं की फसल व भूसा जलकर राख

( यंग भारत न्यूज )





**पैलानी/बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के खपटिहा कला गांव में हबीब पुत्र नजीर व सैयद के खेत पर 4 बीघा की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई वहीं गोपाल के खेत पर गेहूं का भूसा पड़ा हुआ था उसमें आग लग जाने से भूसा जलकर राख हो गया ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी फायर ब्रिगेड ने मौके में पहुंचकर आग पर काबू पाया वहीं ग्रामीण नईम ,नीरज , चेदुवा,छोटू ,जितेंद्र आदि लोगों ने आग बुझाने में काफी मस्कत का सामना करना पड़ा बताया कि शार्ट सर्किट के चलते खंबे से चिंगारी उठने से नीचे गिर जाने से खेत पर आग लग गई देखते-देखते आग में विकराल रूप ले लिया ग्रामीणों ने काफी मदद व फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया वहीं लेखपाल अमित पटेल ने पहुंचकर रिपोर्ट बनाई वही उप जिलाधिकारी अंकित वर्मा ने बताया कि शासन की गाइडलाइन द्वारा जो आर्थिक मदद होगी वह की जाएगी

# वरिष्ठ चिकित्सक डॉ रामशरण कौशिक के निधन पर शोक की लहर

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** ग्राम नुनार निवासी भरत शरण कौशिक,शिव शरण कौशिक एवं राजेश कौशिक के पिताजी नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ रामशरण कौशिक नुनार वालों के निधन पर नगर में जगह-जगह शोक सभाएं आयोजित की गई, जिसमें गहरा शोक व्यक्त किया गया।

एक शोक सभा अध्यक्ष जयपाल सिंह राजू चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें पूर्व अध्यक्ष देवेश पालीवाल,डॉ रविन्द्र प्रकाश अरजरिया, डॉ एल आर मिश्रा,डॉ डी आर सिंह,हरीमोहन शर्मा,अशोक सेन,अनिल वशिष्ठ एडवोकेट,मेजर अखिलेश पिपरैया, राम नारायण पस्तोर,प्रदीप कोठारी,कौशलेश मिश्रा,डॉ सुकदेव व्यास,अरुण चतुर्वेदी, सरजू शरण पाठक,ब्रजेन्द्र शर्मा,अखिलेश तिवारी छिरोरा,मुन्नालाल दोन्दे रिया,कमल नयन शर्मा,अनिल कौशिक ,सुशील स्वामी,पवन स्वामी,राजेश व्यास,ठाकुरदास तिवारी,ओ पी शर्मा सत्यप्रकाश तिवारी सिया,बृजमोहन वशिष्ठ,ब्रजेन्द्र खरे सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

# यूपीएसआई का पेपर खराब होने पर छात्रा ने खाया जहर

**झांसी।** जनपद में यूपीएसआई (दरोगा) का पेपर खराब होने से एक छात्रा ने सुसाइड कर लिया। वह किराए पर कमरा लेकर कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रही थी। उसने हाल ही में यूपीएसआई का एग्जाम दिया था, लेकिन पेपर अच्छा नहीं कर पाई थी। इसके बाद से वह काफी परेशान रहने लगी थी। इसी वजह से 16 अप्रैल (गुरुवार) को उसने जहर खा लिया। पड़ोसी ने उसकी हालत बिगड़ती देख तुरंत मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर परिजन भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के आंतिया तालाब के पास का है। मृतका का नाम कामिनी (25) पुत्री प्रवेंद्र सिंह था। वह उल्दन कस्बे की रहने वाली थी। कामिनी के दादा लोकेंद्र सिंह ने बताया- मेरी पोती कामिनी ग्रेजुएशन कर चुकी थी।

# जबरन बलात्कार कर पति को जान से मारने की धमकी का आरोप

## थाने से न्याय न मिलने पर पीड़िता ने लगाई एसपी से गुहार

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** जसपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़िता महिला ने पुलिस अधीक्षक बांदा शिकायत पत्र देते हुए आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के ही दबंग के द्वारा उसके साथ कुछ दिनों पहले बलात्कार किया गया था साथ ही पति को जान से मारने की धमकी दी गई थी। पीड़िता ने बताया कि पीड़िता का पति कुछ महीनो से प्रदेश में है उसका फायदा उठाकर राम प्रकाश ने मौका पाकर 31 जनवरी 2026 की रात्रि में पीड़िता के घर की दीवार कूद कर घर के अंदर घुसकर सोते समय पीड़िता को दबोच लिया और गले में चाकू लगाकर पीड़िता के साथ बलात्कार किया कहां की यदि किसी से कहा तो तुम्हारे पति और बच्चों को जान से मार दूंगा पीड़िता डर से किसी से नहीं कहा और जब उसका पति प्रदेश से लौट कर आया तो उसने अपने पति को भी नहीं बताया क्योंकि धमकाया गया था 6 अप्रैल 26 को जब पीड़िता भाई के साथ निराश मन से उत्सव में शामिल होने के लिए मायके जा रही थी तभी पति ने पूछा कि क्या कारण है तुम निराश रहती हो इतना कहती पीड़िता ने रोते हुए अपनी आप बीती और प्रकरण की जानकारी अपने पति को बताया पीड़िता अपने पति के साथ थाने भी गई थी लेकिन सुनवाई नहीं हुई तो आज पुलिस अधीक्षक के यहां शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। जब पूरे मामले की जानकारी जसपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक से ली गई तो उनके द्वारा बताया गया है कि दोनों का पारिवारिक है और आपसी विवाद हैं जांच की जा रही है।

# बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में N-GEN उप डाकघर का उद्घाटन

( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय,परिसर में भारतीय डाक विभाग द्वारा एक आधुनिक ह-त्रश्वह उप डाकघर का उद्घाटन किया गया। यह डाकघर युवाओं और डिजिटल युग के उपयोगकर्ताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है, जिसमें आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया गया है। भारतीय डाक विभाग देश की संचार एवं जनसेवा प्रणाली का एक सशक्त एवं विश्वसनीय स्तंभ रहा है, जिसने अपने गौरवशाली इतिहास में समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभिन्न वित्तीय सेवाओं (वीएसओ) के माध्यम से भारत में देश के ग्रामिण क्षेत्रों तक अपनी सशक्त पहुंच स्थापित की और समय के साथ अपनी सेवाओं को निरंतर विकसित किया और 'हरकारा से डॉन' तक की आधुनिक यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण की।



भारत सरकार के विकास के शिक्षण संस्थानों को संबद्धित डाकघरों के युवा वर्ग के अपेक्षाओं और आधुनिक तकनीकी परिवर्तनों के अनुरूप अगली जैनरेशन (ह-त्रश्वह) डाकघरों के रूप में विकसित किया जा रहा है। कार्यक्रम में विश्वविधालय बुंदेलखंड के कुलपति प्रो.डॉ मुकेश कुमार गौतम और अधिकारीगण, डाक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 6 दुकानों में भीषण आग लगी

## -एक घंटे तक 20 फीट तक उठती रही लपटे, दुकानदार बोले- 20 लाख का नुकसान

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जनपद में शनिवार सुबह 6 दुकानों में आग लग गई। एक दुकान से शुरू हुई आग फैलते हुए 6 दुकानों तक पहुंच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और लगभग 20 फीट ऊंची लपटें उठने लगी। इससे हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। मऊरानीपुर एसडीएम और सीओ मौके पर पहुंच गए। व्यापारियों से बातचीत कर घटना की जानकारी ली। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आग से लगभग 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पूरा मामला मऊरानीपुर कस्बे का है।

मऊरानीपुर में दमेले इंटर कॉलेज के आसपास मुख्य बाजार है। शनिवार सुबह लगभग 8 बजे इंटर कॉलेज से सटी दुकानों में आग लग गई। अंदर ही अंदर आग फैलते हुए 6 दुकानें में पहुंच गई। धुआं निकलते देख लोगों ने दुकानदारों और फायर बिग्रेड को सूचना दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और 20 फीट ऊंची लपटे उठने लगी। इससे अफरा तफरी का माहौल हो गया। सूचना पर एसडीएम श्वेता साहू और सीओ जितेंद्र सिंह भी पहुंच गए। फायर बिग्रेड की गाड़ी ने पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक 6 दुकानों का माल राख बन चुका था। रानू सौदागर ने बताया- मेरी घड़ी, बैग, चश्मा आदि की दुकान थी। सुबह लगभग 8:30 बजे सूचना मिली कि दुकान में आग लग गई। तब मौके पर आ गया। फायर बिग्रेड की गाड़ी नहीं थी। लगभग आधा घंटे बाद आई। मेरा सामान जल गया। लगभग 5 लाख रुपए का नुकसान है। दुकानदार इकबाल अहमद ने बताया- मेरी इलेक्टोनिक आइटम की दुकान थी। शुक्रवार रात को दुकान बंद करके गए थे। आज सुबह फोन आया कि दुकान में आग लग गई। आग लगने का कारण पता नहीं चला। पूरी दुकान जल गई, कुछ भी नहीं बचा है। ग्राहकों का सामान भी जल गया। लगभग 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। दुकानदार अब्दुल रहमान ने बताया- मेरी चप्पल जूते की दुकान थी। रात को 9:30 बजे दुकान बंद करके गए थे। आज सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ने गया था। तभी पता चला कि दुकान में आग लग गई। सीधे दुकान पर आ गया। यहां बहुत भयानक आग लगी थी। पूरा सामान जल गया। लगभग 5 लाख रुपए का नुकसान है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपू मोदी ने बताया- जिन 6 दुकानों में आग लगी, वे छोटे व्यापारी थे। इसी दुकानों से उनका और परिवार का जीवन यापन होता था। प्रशासन से निवेदन है कि इन छोटे दुकानदारों की हरसंभव मदद की जाए। व्यापार मंडल के व्यापारी भी इन दुकानदारों को दोबारा खड़ा करने का पूरा प्रयास करेंगे। मऊरानीपुर एसडीएम श्वेता साहू ने बताया कि आज सुबह 8 बजे 6 दुकानों में आग लगने की सूचना मिली थी। तत्काल मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंच गई और लोगों की मदद से आग को बुझा दिया गया। बैग-चश्मा, चूता-चप्पल, इलेक्टोनिक समेत 6 दुकानों में आग लगी थी। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# राम सेवक अड़जरिया बने उपज के झांसी के जिला संयोजक

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** आज एक अखबार के कार्यालय में पत्रकारों की हुई बैठक में सर्वसम्मत से वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक राम सेवक अजरिया को झांसी जिले का उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) का जिला संयोजक बनाया। आज उपज के मंडलीय प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा की अध्यक्षता में पत्रकारों की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक राम सेवक अरजरिया को उपजकाझांसी जिले का संयोजक बनाया गया। जिसका उपस्थित पत्रकारों ने तालियां बजाकर पर जोर स्वागत किया। बैठक में पत्रकारों की समस्याओं और उनके अधिकारों को लेकर के गहन मंथन हुआ। इस अवसर पर कर समझ से प्रस्ताव पारित किया गया कि जिस प्रकार उत्तराखंड के साथराजस्थान के साथ साथ अपने पड़ोसी राज मध्य प्रदेश भी पत्रकारों को 20000 प्रतिमा पेंशन मिल रही है। पत्रकारों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पुरजोर मांग की कि वे इस चुनाव वर्ष में पत्रकारों के हित में 20000 प्रतिमा पेंशन देने की घोषणा भाजपा के माध्यम से 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में घोषणा पत्र में यह पत्रकारों की पेंशन की मांग प्रमुखता से रखी जाए। बैठक में यू एन आई की जिला संवाददाता सोनिया पांडे वरिष्ठ पत्रकार रामकुमार साहू महेश पटेरिया, अनिल शर्मा ,राम सेवक अरजरिया संपादक प्रमोद पचौरीआकांक्षा शुक्ला सरित सोनी दीपक त्रिपाठी दीपक पुरोहित अरविंद भार्गव, वैभव सिंह आज पत्रकार प्रमुख रूप से मौजूद थे। बैठक का संचालन वरिष्ठ पत्रकार महेश पटेरिया ने संचालन अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा ने की। अध्यक्ष जी भाषण में अनिल शर्मा ने कहा कि आज समाज के हर क्षेत्र में गिरावट है। क्या है अधिकारी हो जनप्रतिनिधि हो विभिन्न दलों के नेता हूं। लेकिन सभी वर्ग आज पत्रकारिता में आई गिरावट को लेकर ज्यादा चिंता जाता रहे हैं ज्यादा कमेंट कर रहे हैं। इसलिए आज जरूरत है की पत्रकार आचरण में अपने को ठीक करें और समाज का लाइटहाउस बनने की कोशिश करें। क्योंकि ईश्वर ने यही काम उसके जिम्मे में दिया है। श्री शर्मा ने 15 दिनों के भीतर सभी से विभिन्न संख्याओं को दूर करके उपज के संगठन को मजबूत करने की अपील की है।



मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718